संताल एक्सप्रेस ई-पेपर व दैनिक ताजा खबर
www.santalexpress.com पर पढ़ें

22 मई 2026, शुक्रवार

पृष्ठ-08, मूल्य : 2 रुपये

दुमका, वर्ष- 08, अंक - 240

Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज

# संताल एक्सप्रेस

### इबोला वायरस को लेकर भारत सरकार ने किया अलर्ट

**नई दिल्ली ।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने अफ्रीका में फैले इबोला वायरस को लेकर सतर्कता बढ़ा दी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो और युगांडा में फैले इबोला को पब्लिक हेल्थ इमरजेंसी ऑफ इंटरनेशनल कंसर्न घोषित किए जाने के बाद भारत सरकार हालात पर नजर बनाए हुए है।

# झारखंड में 27 हार्डकोर माओवादियों का सरेंडर

## हथियारों का जखीरा सौंपा, सारंडा-कोल्हान में खत्म होने की कगार पर नक्सलवाद



संवाददाता

**रांची ।** झारखंड में नक्सलवाद को जड़ से खत्म करने की दिशा में आज एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। राजधानी रांची में झारखंड पुलिस के महानिदेशक (डीजीपी) के समक्ष 27 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में लौटने का फैसला किया है। इस बड़े सरेंडर के बाद माना जा रहा है कि सूबे में नक्सलवाद अब अपनी अंतिम सांसें गिन रहा है। आत्मसमर्पण करने वालों में कई महिला नक्सली भी शामिल हैं। इस दौरान एक बेहद भावुक करने वाला दृश्य भी सामने आया, जब एक महिला नक्सली मंच पर अपने 1 साल से भी छोटे बच्चे को गोद में लेकर सरेंडर करने पहुंची। 1 करोड़ रुपये के इनामी और झारखंड के सबसे कुख्यात माओवादी मिसिर बेसरा ने भले ही अभी हथियार न डाले हों, लेकिन आज सरेंडर करने वालों में उसके और असीम मंडल के मारक दस्ते (स्ट्राइक टीम) के टॉप कमांडर शामिल हैं। ये सभी कोल्हान और सारंडा के जंगलों में सक्रिय थे। आत्मसमर्पण करने वाले 25 नक्सली केंद्रीय कमेटी से जुड़े हैं, जिनमें 6 सब जोनल कमेटी सदस्य, 6 एरिया कमेटी सदस्य और 13 दस्ता सदस्य शामिल हैं।

इसके अलावा, गुमला में भी जेजेएमपी संगठन के 2 नक्सलियों ने हथियार डाले हैं। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, सरेंडर करने वाले नक्सलियों में से 8 ऐसे हार्डकोर नक्सली हैं, जिनकी गिरफ्तारी पर सरकार ने कुल 33 लाख रुपये का इनाम घोषित कर रखा था। हाल ही में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने देश से नक्सलवाद के पूर्ण खात्मे का संकल्प दोहराया था, और केंद्र व राज्य सरकार की इसी प्रभावी पुनर्वास नीति और सुरक्षा बलों के बढ़ते दबाव के चलते नक्सलियों को हथियार डालने पर मजबूर होना पड़ा है। मुख्यधारा में लौटते हुए नक्सलियों ने बड़ी मात्रा में घातक हथियार और कारतूस भी पुलिस को सौंपे हैं।

जमा किए गए हथियारों में 1 इंसास एलएमजी 4 इंसास राइफल, 9 एसएलआर राइफल, 1 .303 राइफल, देसी पिस्टल और कुल 2,857 जिंदा कारतूस (गोलियां) शामिल हैं। इतनी बड़ी तादाद में अत्याधुनिक हथियारों की बरामदगी और शीर्ष कमांडरों के आत्मसमर्पण ने माओवादी संगठन की कमर तोड़ दी है, जिससे प्रभावित इलाकों में शांति बहाली की उम्मीदें और मजबूत हो गई हैं।

### झारखंड में चल रही है गांव की सरकार, भटके लोग शामिल हो रहे हैं मुख्यधारा में : हेमंत सोरेन



**रांची ।** राज्य गठन के बाद पहली बार ऐसा मौका आया है जब एक साथ 25 से अधिक नक्सलियों ने सुरक्षा बलों के सामने समर्पण किया है। राज्य सरकार और सुरक्षा बलों के लिए इसे एक बड़ी कामयाबी माना जा रहा है। 25 से अधिक नक्सलियों के एक साथ समर्पण करने पर राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की प्रतिक्रिया सामने आई है। रांची में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि हमारी सरकार गांव की सरकार है। सरकार की नजर और आवाज गांव तक पहुंच रही है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि हमारी स्पष्ट सोच है कि हर व्यक्ति सरकार के साथ जुड़े, कोई भी नहीं छूटे। इसी का परिणाम है कि भटके हुए लोग भी तेजी से मुख्य धारा से जुड़ रहे हैं।

## सिरा़मंत्री दो़ दुर्गा सोरेने उईहा़र आंजले केदेया



खोबोरिया

**रांची।** सिरा़मंत्री हेमंत सोरेन दो़ सा़रदीमाहां हिलोक् झारखंड रेन अग्रणी नेता आर माड़ाङ रेन विधायक बोंगातालावाकान दुर्गासोरेनाक् गुरमाहां रे लोवाडीह रे मेनाक् दुर्गा सोरेन स्मारक जायगा ते सेंटर काते उनीयाक् गो़ड़हो़न मुठा़न रे मालाय आराव केदा आरे उईहा़र आंजले केदेया। सिरा़मंत्री दोय मेन केदा जे जाव बो़छो़र लेका गे तेहेञ आबो जो़तो़हो़ड़ नों़डे जारवा काते दुर्गा सोरेनबोन उईहा़रेदे काना। उनी दो़ मित् माड़ाङहुदिसिया़, खा़टा़ईया आर हो़ड़को ला़गित् ते मित् का़क्मीयिच् नेताय ताहेंकाना। उनीयाक् जियोन दो़ हो़ड़ाक् उतना़उरे गे पारो़माकाना। उनी दो़ झारखंड आलाग पो़नो़त बेनाव रेयाक् ला़ड़हा़ई आर तायो़म आकान हो़ड़ाक् हो़क आईदारी ला़गित् ते आयाक् जियोने जिमा़वाकात् ताहेंकाना। उनीयाक् हुदिस-बुंदिस आर उदुक् डाहार दो़ आबो जाव गेय उसकुर इदिबोना। दुर्गा सोरेन स्मारक रेन मेनाक् उनीयाक् गो़ड़हो़न मुठा़न रे जनप्रतिनिधि, सोमाज सुसा़रिया़ आर कार्यकर्ताको आर मानो़तान हो़ड़हों उईहा़र आंजलेये तुलुच् उनीयाक् एनेमको दिसा़ रूवा़ड़केत् ताया।

### संक्षिप्त खबरें

#### कॉकरोच जनता पार्टी का एक्स पर अकाउंट बैन

**नई दिल्ली ।** सुप्रीम कोर्ट के सीजेआई सूर्यकांत के कॉकरोच वाले बयान के विरोध में बनी कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) का गुरुवार को एक्स पर अकाउंट बैन हो गया है। एक्स ने गुरुवार को बताया है कि उसने भारत में स्थानीय नियमों, कोर्ट के आदेश या कानूनी शिकायत के आधार पर यह कार्रवाई की है। फाउंडर अभिजीत दीपके ने भी अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर सीजेपी के अकाउंट बैन करने की जानकारी दी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सीजेपी के सोशल मीडिया पर 6 दिन में लाखों फॉलोअर हो गए हैं। गुरुवार दोपहर तक यह आंकड़ा इंस्टाग्राम पर 1.26 करोड़ तक पहुंच गया। इंस्टाग्राम पर बीजेपी के 87 लाख और कांग्रेस के 1.33 करोड़ फॉलोअर्स हैं। वहीं, एक्स पर 12 बजे तक पार्टी के करीब 1 लाख 93 हजार फॉलोअर्स थे, लेकिन अब एक्स ने पार्टी के अकाउंट को भारत में बैन कर दिया है।

#### 59 साल बाद कांग्रेस की तमिलनाडु मंत्रिमंडल में वापसी

**चेन्नई ।** तमिलनाडु में मुख्यमंत्री सी जोसेफ विजय के नेतृत्व वाली टीवीके सरकार का गुरूवार को विस्तार हो गया। मुख्यमंत्री विजय ने मंत्रिमंडल में शामिल करने के लिए 23 विधायकों के नामों की सिफारिश की थी। राज्यपाल ने मुख्यमंत्री की इस सिफारिश को स्वीकार किया। जिसके बाद गुरूवार को 23 विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस के दो विधायकों को भी अपनी मंत्रिमंडल में जगह दी है। 59 साल बाद यह पहला मौका है जब कांग्रेस तमिलनाडु में किसी क्षेत्रीय दल के नेतृत्व वाली सरकार का हिस्सा बन रही है।

#### एअर इंडिया की फ्लाइट रनवे से टकराई

**बंगलूरू ।** बंगलूरू हवाई अड्डे पर उतरते समय गुरूवार को एअर इंडिया के एक विमान में टेलस्ट्राइक की घटना हुई। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली से आ रहा विमान सुरक्षित रूप से उतर गया और चालक दल और यात्री सामान्य रूप से विमान से उतर गए। दरअसल, टेकऑफ या लैंडिंग के दौरान जब विमान का पिछला हिस्सा रनवे के संपर्क में आता है, तब टेलस्ट्राइक की घटना होती है।

## राज्यपाल ने हायर एजुकेशन की स्थिति पर जताया असंतोष, कहा-

# विवि सिर्फ डिग्री बांटने का केंद्र ना बने, शोध-नवाचार पर दे जोर

### • दो दिवसीय कुलपति सम्मेलन का राज्यपाल ने किया उद्घाटन

संवाददाता

**रांची ।** रांची में गुरुवार को दो दिवसीय कुलपति सम्मेलन शुरू हुआ। सम्मेलन का उद्घाटन राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार ने किया। दो दिवसीय सम्मेलन में राज्य के सभी विश्वविद्यालयों के कुलपति और उनके प्रतिनिधि मंडल शामिल हो रहे हैं। सम्मेलन को संबोधित करते हुए राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने राज्य में उच्च शिक्षा की स्थिति पर और असंतोष जताया। उन्होंने कहा कि झारखंड में जब से उन्हें हायर एजुकेशन के मामलों को देखने का मौका मिला है तब से उनकी अच्छी राय नहीं है। राज्यपाल ने कहा कि झारखंड में हायर एजुकेशन की तुलना में 12वीं तक की पढ़ाई अच्छी है। उन्होंने कहा कि एक ऐसी धारणा है की उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सबसे कम अच्छे बच्चे झारखंड में है। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा के क्षेत्र की कमियों को यदि हम नहीं समझ रहे हैं तो हमारी यह गलती है।

राज्यपाल ने कहा कि अक्सर उनसे शिक्षक संगठन मिलने आते हैं इस दौरान में अपनी समस्याओं को उनके सामने रखते हैं लेकिन उच्च शिक्षा में सुधार के लिए उनसे कोई बात नहीं करता है। राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालय की पहचान सिर्फ कैंपस से नहीं होती है बल्कि स्वस्थ शैक्षणिक वातावरण, नवाचार और उपलब्धियां से होता है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का आउटकम स्पष्ट रूप से दिखना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि हमारा मानना है कि उच्च शिक्षा पाने के लिए जिस दिन झारखंड के बच्चे दूसरे राज्यों में नहीं जाएंगे उस दिन हमें इस क्षेत्र में सफलता मिली। कुलपति नियुक्ति के संबंध में राज्यपाल ने कहा कि इस दिशा में पूरी पारदर्शिता बढ़ती गई है। रांची स्टेट डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति द्वारा खुद क्लास लेने का जिक्र करते हुए राज्यपाल ने कहा कि यह एक अच्छा कदम है। कुलपति द्वारा उठाए गए इस कदम से बच्चों के बीच विश्वास पैदा होता है। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प के साथ विश्वविद्यालय को आगे बढ़ना होगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में कौशल नवाचार और अनुसंधान को बढ़ावा दिया गया है। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा में सुधार के लिए व्यक्तिगत रूप से प्रयासरत है। राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालय को सिर्फ डिग्री बांटने का केंद्र नहीं बनना चाहिए बल्कि इनोवेशन स्टार्टअप और डेवलपमेंट का केंद्र बनना चाहिए।



## ग्राम प्रधानों की तीन माह में की जाए नियुक्ति : दीपिका



संवाददाता

**रांची ।** पेसा कानून के तहत पारंपरिक ग्रामीण व्यवस्था के तहत तीन महीने के भीतर ग्राम प्रधानों की नियुक्ति किया जाए, ताकि आगे की ग्रामसभा की व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से लागू किया जा सके। पारंपरिक ग्राम प्रधान और राजस्व ग्राम प्रधान को समझने की जरूरत है। पारंपरिक तरीके से ही ग्राम सभा के जरिए ग्राम प्रधान के चयन को सुनिश्चित करना है। पेसा कानून पारंपरिक ग्रामसभाओं को सशक्त बनाने वाला है। विभागीय स्तर पर इसके सफल क्रियान्वयन के लिए हर संभव सहयोग दिया जाएगा।

यह बातें ग्रामीण विकास विभाग, ग्रामीण कार्य एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पाण्डेय सिंह ने गुरूवार को प्रोजेक्ट भवन के एनेक्सी सभागार में पंचायती राज विभाग की ओर से आयोजित राज्यस्तरीय कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि बोल रही थी।

उन्होंने कहा कि झारखंड में 25 साल के लंबे इंतजार के बाद जिस पेसा कानून को लागू किया गया है। पारंपरिक ग्राम सभा को उनका अधिकार दिलाना सरकार की प्राथमिकता है। इसके लिए गांव-गांव तक पेसा नियमावली के बेहतर और मजबूति से क्रियान्वयन करने की जरूरत है। पेसा कानून के दायरे में आनेवाले जिलों के अधिकारियों को इसके लिए अपनी जिम्मेवारी का निर्वहन करना होगा।

मंत्री ने कहा कि यह कानून मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दिशा-निर्देश पर लागू किया गया है, जिनका सपना था कि राज्य में पारंपरिक ग्राम व्यवस्थाओं को प्राथमिकता मिले। इस कानून को अब धरातल पर उतारने के लिए जमीनी स्तर पर कार्य करने की जरूरी है। पाण्डेय ने बताया कि देश के 10 राज्यों में पेसा कानून लागू होना था, जिनमें झारखंड का कानून सबसे बेहतर और प्रभावी माना जा रहा है। पेसा कानून को लेकर कुछ स्थानों पर भ्रम फैलाने की कोशिश हो रही है, ऐसे में सभी संबंधित लोगों को इसके प्रावधानों का गहन अध्ययन करना चाहिए। गांव के लोगों के हर सवालों और परेशानियों का जवाब पेसा नियमावली के पन्नों में दर्ज है। मौके पर पंचायती राज विभाग के सचिव मनोज कुमार ने कहा कि पेसा नियमावली लागू होने के बाद से ही इसे जमीनी स्तर तक पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। स्थानीय लोगों तक इसकी जानकारी प्रभावी ढंग से पहुंचे इसके लिए नियमावली का क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवाद कराया गया है।

## रांची के बड़े कारोबारी लव भाटिया की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

संवाददाता



**रांची ।** राजधानी रांची के बड़े कारोबारी लव भाटिया उर्फ अभिमन्यु की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। लव भाटिया गुरुवार की शाम को लालपुर थाना क्षेत्र में बेसुध अवस्था में अपने कावेरीरेस्त्रां में पाए गए। इसके बाद उन्हें जल्दबाजी में लालपुर इलाके में स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। इलाज के दौरान डॉक्टरों ने लव भाटिया को मृत घोषित कर दिया। इस मामले की जानकारी मिलने के बाद लालपुर पुलिस जांच के लिए अस्पताल पहुंची।

बताया जा रहा है कि जहर की वजह से लव भाटिया की मौत हुई है। हालांकि इसकी पुष्टि अभी नहीं हुई है। क्योंकि लव भाटिया की मौत संदेहास्पद स्थिति में हुई है, इसलिए पुलिस ने शव को लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही लव भाटिया की मौत की असली वजह सामने आ पाएगी। रांची सिटी डीएसपी केवी रमण ने बताया कि लव भाटिया के शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेजा गया है। इस मामले की जांच की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि भाटिया परिवार झारखंड का जाना माना कारोबारी परिवार है। भाटिया परिवार का राजधानी रांची में कावेरी रेस्त्रां की चेन है। वहीं रांची में ही कई होटलों का संचालन भी यह परिवार करता है।

## पाकुड़ : शराब के नशे में पति ने पत्नी और मासूम बेटी की बेरहमी से की हत्या

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**पाकुड़ ।** जिले के महेशपुर थाना क्षेत्र के रद्दीपुर ओपी थाना क्षेत्र में मंगलवार की रात के गाड़ामारा गांव में ममता को शर्मसार करने वाली एक बड़ी बरदात हुई हैं। जहां एक शराबी पति ने नशे में धुत होकर अपनी पत्नी सुरुज किस्कू (42)की कुदाल से मारकर हत्या कर दी। जब की मां को बचाने गई 12 वर्षीय बेटी नेहा टुड्डु को पिता ने गला दबाकर मार डाला। इस दोहरे हत्याकांड से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस निरीक्षक मदन कुमार शर्मा, महेशपुर थाना प्रभारी रवि शर्मा, रद्दीपुर ओपी प्रभारी अजय कुमार उपाध्याय, पाकुड़िया थाना के



एसआई नागेंद्र कुमार, एएसआई सुरेश प्रसाद एवं सुकुल मरांडी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की।

पुलिस को नेहा टुडू का शव घर के आंगन में मिला, जबकि महिला का शव 200 मीटर दूरी पर जुनाश टुडू के निर्माणाधीन आवास में एक गड्ढा खोदकर दबाया गया सूरुज किस्कु का शव बरामद किया गया। पुलिस ने महिला के पति नरेश टुडू को पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया है।पुलिस के अनुसार आरोपी ने हत्या के बाद शव को छिपाने की कोशिश की थी। ग्रामीणों एवं सवजनों ने बताया कि आरोपी नरेश टुडू शराब का आदी था और अक्सर पत्नी के साथ मारपीट करता था। वह कुछ दिन पहले पश्चिम बंगाल के एक ईंट भट्ठे से वापस गांव लौटा था। मंगलवार रात किसी बात को लेकर विवाद हुआ, जिसके बाद उसने घर में ही पत्नी व बेटी नेहा टुडू की हत्या कर दी । बुधवार सुबह ग्रामीणों ने बच्ची को आंगन में पड़ा देखा। उसके नाक से खून निकल रहा था और गले पर निशान थे। महिला के नहीं दिखने पर ग्रामीणों को शक हुआ और पुलिस को सूचना दी गई।

## मनरेगा घोटाला में अभिषेक झा के खिलाफ आरोप गठित

संवाददाता



**रांची ।** मनरेगा घोटाला से संबंधित मनी लांड्रिंग मामले में आरोपित अभिषेक झा के खिलाफ अदालत में आरोप गठित किया है। आरोप गठन के दौरान पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश योगेश कुमार की अदालत में उपस्थित अभिषेक झा को कोर्ट ने उनके खिलाफ लगे आरोप को पढ़कर सुनाया। जिसे अभिषेक ने नकार दिया और अपने ऊपर लगे आरोप को बेबुनियाद बताया।

कोर्ट ने उनके खिलाफ उपलब्ध साक्ष्य का हवाला देते हुए कहा कि उनके खिलाफ पर्याप्त सबूत हैं। जिनके आधार पर पीएमएलए एक्ट 2002 की धारा-3 के तहत मनी लांड्रिंग और धारा-4 के तहत दंडनीय अपराध का आरोप प्रथम दृष्ट्या स्पष्ट होता है। मामले में अगली सुनवाई 06 जून को होगी जिसमें एम/एस पल्स संजीवनी हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ आरोप गठन के बिंदु पर सुनवाई निर्धारित है।

उल्लेखनीय है कि ईडी ने अक्टूबर 2022 में अभिषेक झा, आईएएस पूजा सिंघल और अन्य के खिलाफ मामले में चार्जशीट दाखिल की थी। अभिषेक झा इसी मामले से जुड़े एक अन्य आरोपित आईएएस पूजा सिंघल के पति हैं।

## पार्टी और मोदी-शाह चाहें तो राज्यसभा जाने को तैयार : सीता

संताल एक्सप्रेस संवाददाता



**पाकुड़ ।** गुरुवार को पूर्व विधायक सीता सोरेन ने कहा कि यदि पार्टी नेतृत्व, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह उन्हें राज्यसभा भेजना चाहें, तो वे अवश्य जाएंगी। दरअसल गुरुवार को दुर्गा सोरेन सेना द्वारा पाकुड़ में दुर्गा सोरेन की 17वीं पुण्यतिथि मनाई गई थी। इस दौरान सीता सोरेन और उनकी बेटी जयश्री सोरेन उपस्थित थी। दोनों ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन और दुर्गा सोरेन को श्रद्धांजलि अर्पित की। पीएम मोदी और अमित शाह चाहें तो जरूर जाऊंगी राज्यसभा,सीता सोरेन ने इस दौरान कहा कि दुर्गा सोरेन सेना प्रत्येक वर्ष उनकी पुण्यतिथि का आयोजन करती है और यह संगठन सामाजिक कार्यों के माध्यम से जनहित एवं लोकहित के मुद्दों पर कार्य कर रहा है, जिसके कारण लोगों का इसमें रुझान बढ़ रहा है। वहीं झारखंड में होने वाले राज्यसभा चुनाव को लेकर उन्होंने कहा कि निर्णय पार्टी संगठन द्वारा लिया जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि पार्टी नेतृत्व और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा गृह मंत्री अमित शाह उन्हें राज्यसभा भेजना चाहें, तो वे अवश्य जाएंगी। सामान्य नहीं होने से कीमतों में हो रही वृद्धि वहीं पेट्रोल और डीजल की महंगाई पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि युद्ध के कारण स्थिति सामान्य नहीं होने से कीमतों में वृद्धि हो रही है।

## देवघर : कलयुगी बेटे ने पीट-पीटकर की पिता की हत्या

संवाददाता

**देवघर ।** झारखंड के देवघर जिले के चितरा थाना क्षेत्र स्थित शिमला मांझीडीह गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां पैसों के मामूली विवाद में एक कलयुगी बेटे ने अपने ही बुजुर्ग पिता की पीट-पीटकर हत्या कर दी। इस खौफनाक वारदात के बाद से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है और ग्रामीण स्तब्ध हैं। मृतक की पहचान करीब 70 वर्षीय मुलिंद हेमबरम के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि मुलिंद का अपने बेटे लुखीराम हेमबरम के साथ काफी समय से पैसों के लेन-देन को लेकर मनमुटाव चल रहा था। जानकारी के अनुसार, इसी बात को लेकर पिता-पुत्र के बीच बहस शुरू हुई, जो देखते ही देखते बेहद हिंसक हो गई। आरोप है कि तैश में आकर लुखीराम ने अपने बुजुर्ग पिता पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया और उनकी बेरहमी से पिटाई कर दी। गंभीर रूप से घायल वृद्ध को परिजनों और स्थानीय ग्रामीणों ने आनन-फानन में इलाज के लिए सारठ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। हालांकि, वहां के डॉक्टरों ने प्राथमिक जांच के बाद ही उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल में वृद्ध की मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

## झारखंड के 11 जिलों में तापमान 40 डिग्री के पार

संवाददाता

**रांची ।** राजधानी रांची सहित पूरे राज्य भर में इन दिनों मौसम आग उगल रहा है। स्थिति यह है कि राज्य के 11 जिलों में अधिकतम तापमान बढ़कर 40 डिग्री या उससे अधिक पहुंच गया है।

राज्य के जिन जिलों में तापमान 40 डिग्री है उससे अधिक रिकॉर्ड किया गया है उनमें गढ़वा 44 डिग्री,चतरा में 44 डिग्री, डाल्टनगंज 43.4 डिग्री, पूर्वी सिंहभूम और पश्चिमी सिंहभूम में 42, सरायकेला में 42 डिग्री, गुमला, रामगढ़ और बोकारो में 40 डिग्री, गिरिडीह में 40 डिग्री और सिमडेगा में 40 डिग्री शामिल है।

इधर, मौसम विभाग ने 23 और 24 मई को राज्य के उत्तर पूर्वी और मध्यवर्ती जिलों में बारिश के साथ आकाशीय बिजली गिरने की संभावना व्यक्त की है। साथ ही इस दौरान 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज आंधी चलने की भी संभावना है। इसे लेकर विभाग की ओर से ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

इस दौरान राज्य में सबसे अधिक बारिश धनबाद जिले के पंचेत में 10.2 मिलीमीटर रिकॉर्ड की गई। इसके अलावा राज्य के जिन अन्य इलाकों में बारिश से रिकॉर्ड की गई इसमें मैथन,सिकटिया,महेशपुर और गोविंदपुर शामिल हैं। गुरुवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से मौसम साफ रहा लेकिन दोपहर बाद आंशिक रूप से बादल छाए रहे।

### घर से बाहर निकलने पर बरतें सावधानी : इरफान

**रांची ।** आपदा प्रबंधन मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने राज्यवासियों से विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। उन्होंने गुरूवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि सुबह 11 बजे से लेकर शाम 04 बजे तक अधिक जरूरी रहने पर ही घर से बाहर निकलें, क्योंकि इस दौरान लू और हीट स्ट्रोक का खतरा अधिक रहता है। इस समय घर से निकलने में विशेष सर्तकता बरतें। उन्होंने बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं और गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी।

## पुत्र ने पिता की कर दी हत्या, आरोपित फरार

संताल एक्सप्रेस

**लातेहार ।** जिले के मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत सिंजो गांव निवासी पवन सिंह ने बुधवार की देर रात अपने पिता राजकुमार सिंह (65) की हत्या कुदाल से मारकर कर दी। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपित घर से फरार हो गया। मामले की सूचना मिलने के बाद गुरुवार को थाना प्रभारी प्रभात दास के नेतृत्व में पुलिस की मृतक के घर पहुंची और जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस मामले की छानबीन आरंभ कर दी है, वहीं आरोपित की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी भी की जा रही है।जानकारी के अनुसार, शिंजो पंचायत निवासी राजकुमार सिंह ने बुधवार रात अपने पुत्र चंदन सिंह को किसी बात पर हल्की डांट-फटकार लगाई थी। इसी बात से नाराज होकर चंदन सिंह ने घर में रखे कुदाल से अपने पिता के सिर पर हमला कर दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आरोपित घर से फरार हो गया। वहीं परिजनों के अनुसार, आरोपित चंदन सिंह मानसिक रूप से बीमार था और हाल ही में उसका इलाज रांची से कराकर घर लाया गया था।बताया गया कि वह छोटी-छोटी बातों पर भी उग्र हो जाता था। संभावना जताई जा रही है कि मानसिक स्थिति खराब रहने के कारण ही युवक ने घटना को अंजाम दिया होगा।इधर इस संबंध में थाना प्रभारी प्रभात दास ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है। आरोपित की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी भी की जा रही है।

## गोलीकांड में 09 गिरफ्तार, एक की मौत



**धनबाद।** धनबाद के लोयाबाद थाना क्षेत्र स्थित बांसजोड़ा बस्ती में बीते बुधवार को पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट, पत्थरबाजी और गोलीबारी हुई। घटना में दो लोगों को गोली लगी थी, जिनमें से किशुन रवानी की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि विष्णु प्रमाणिक सहित कई अन्य लोग घायल हैं। मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 09 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। वहीं घटनास्थल से एक देशी पिस्टल, तीन जिंदा गोली और छह क्षतिग्रस्त चारपहिया वाहन जब्त किए गए हैं।इस संबंध में गुरुवार को ग्रामीण एसपी एस मोहम्मद याकूब ने जानकारी देते हुए कहा कि पुलिस को बुधवार सूचना मिली थी कि बांसजोड़ा बस्ती में दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प और फायरिंग हो रही है। सूचना मिलते ही लोयाबाद थाना पुलिस मौके पर पहुंची। जांच के दौरान घटनास्थल पर भारी भीड़ जुटी हुई थी और छह चारपहिया वाहन क्षतिग्रस्त हालत में मिले, जिनके शीशे टूटे हुए थे।स्थानीय लोगों से पूछताछ में पता चला कि पुरानी रंजिश को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हुआ था। देखते ही देखते मामला मारपीट, पत्थरबाजी और गोलीबारी तक पहुंच गया। इस घटना में किशुन रवानी और विष्णु प्रमाणिक को गोली लगी थी। वहीं, इलाज के दौरान घायल किशुन रवानी की इलाज के दौरान मौत हो गई है, जबकि कई अन्य लोग भी घायल हुए हैं।

## एसएनएमएमसीएच में युवक की मौत

**धनबाद।** शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (एसएनएमएमसीएच)में इलाज के क्रम में 22 वर्षीय जयदेव महतो की मौत गुरुवार को हो गई। परिजनों ने आरोप लगाया कि जयदेव की मौत का कारण ऑक्सीजन की कमी है। जयदेव बलियापुर के पहाड़पुर का रहनेवाला था। घटना की सूचना पर भाजपा नेत्री तारा देवी भी अस्पताल पहुंची। उन्होंने घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और कहा कि राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा गई है। परिजनों ने बताया कि बलियापुर के पहाड़पुर निवासी जयदेव महतो पंडाल का काम करते थे। जहर खाने के बाद गंभीर हालत में उन्हें दो दिन पहले भर्ती कराया गया था। आईसीयू में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मौत का कारण ऑक्सीजन का नहीं मिलना है। मामले की जांच की मांग की है।

## आशीष और प्रेमचंद का भारतीय हॉकी टीम में चयन

**पूर्वी सिंहभूम।** शहर और झारखंड के लिए गर्व की बात है कि नवल टाटा हॉकी अकादमी (एनटीएचए) के दो प्रतिभाशाली कैडेट्स आशीष तानी पूर्ति और प्रेमचंद सोय का चयन मेंस अंडर-18 एशिया कप 2026 के लिए भारतीय पुरुष हॉकी टीम में किया गया है।टाटा स्टील की ओर से गुरुवार को इसकी आधिकारिक जानकारी दी गई। यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट जापान के काकामिगाहारा शहर में 29 मई से 06 जून तक आयोजित होगा, जिसमें एशिया की शीर्ष टीमें हिस्सा लेंगी।आशीष और प्रेमचंद का चयन हाल ही में भोपाल में आयोजित भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया अंडर-18 द्विपक्षीय हॉकी श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन के आधार पर हुआ है। 15 से 20 मई तक चली इस श्रृंखला में एनटीएचए के तीन खिलाड़ी प्रारंभिक 24 सदस्यीय संभावित टीम में शामिल थे। इनमें जयसन कंडुलना भी शामिल रहे।इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए एनटीएचए के प्रोजेक्ट डायरेक्टर गुरमीत सिंह राव ने कहा कि अकादमी को दोनों खिलाड़ियों पर बेहद गर्व है।

## पलामू में बिजली संकट को लेकर झामुमो ने महाप्रबंधक को सौंपा ज्ञापन

**पलामू ।** जिले में लगातार हो रही बिजली कटौती को लेकर झामुमो नेताओं ने गुरूवार को बिजली विभाग के महाप्रबंधक श्रवण कुमार को ज्ञापन सौंपकर जल्द सुधार की मांग की।इस मौके पर पार्टी नेता सन्नी शुक्ला ने कहा कि भीषण गर्मी के बीच लगातार हो रही बिजली कटौती ने आम लोगों का जीवन काफी कठिन बना दिया है। मेदिनीनगर शहर में पिछले कई दिनों से बिजली आपूर्ति की स्थिति बेहद खराब बनी हुई है। बिना किसी पूर्व सूचना के बार-बार बिजली काटी जा रही है, जिससे आम नागरिकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वर्तमान समय में भीषण गर्मी पड़ रही है और तापमान 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है। ऐसे में बिजली कटौती लोगों के लिए और भी बड़ी समस्या बन गई है। उन्होंने कहा कि बिजली कटौती का सबसे ज्यादा असर बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों पर पड़ रहा है। रात में बिजली नहीं रहने से लोगों की नींद पूरी नहीं हो पा रही है और दिन में गर्मी के कारण घरों में रहना मुश्किल हो गया है।प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि मेदिनीनगर शहर में बिजली आपूर्ति को सुचारू, नियमित और निर्बाध किया जाए। बिजली कटौती की समस्या का स्थायी समाधान निकालने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं, ताकि इस भीषण गर्मी में आम जनता को राहत मिल सके।

पूर्व रेलवे

खुला ठिका खोबोर संख्याः 20-एसडीएसटीई-एसएन-2026-27, तारिक 20.05.2026, वरिष्ठ मंडल संकेत आर दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन-713301 होतेते नोवाको कामीय लागित् ई- ठिकाय खोजेत् काना। कामी ञुतुम/ठाँवः ''आसनसोल मंडल-आसनसोल मंडल होतेते मेल/एक्सप्रेस तेंगोन ठांव आयमा स्टेशनको रे आईपीआईएस आधारित टीआईबीसीआईबी डिस्प्ले सिस्टम रेयाक् प्रावधान।'' ठिका गोनोङः रू 6,76,56,771.35, बायना टाकाः रू 13,53,100/-, कामी मुचाद सोमोयः एलओए जारिक् तारिक खोन 18 चान्दो। ठिका बोंदोक् तारिक आर सोमोय : तारिक 12.06.2026 हिलोक् 14.00 बजे। वेबसाइट रेयाक् विवोरोनः http://www.ireps.gov.in/

ASN-103/2026-27

ठिका खोबोर दो वेबसाइट www.er.indian-railways.gov.in/www.ireps.gov.in रे हों बेबोसता आकान

नोंडे पांजालेपेः @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## सड़क हादसे में हाईवा चालक की मौत

**पश्चिमी सिंहभूम ।** पश्चिमी सिंहभूम जिला स्थित चाईबासा से करीब आठ किलोमीटर दूर जमशेदपुर मार्ग पर कुजू पुल के पास स्थित एक पेट्रोल पंप के समीप हुए सड़क हादसे में मोटरसाइकिल चालक की मौत हो गई। मृतक की पहचान पूर्वी सिंहभूम जिले के पोटका थाना क्षेत्र अंतर्गत रोलाडीह गांव निवासी 30 वर्षीय सूरज महाकुड़ के रूप में हुई है।जानकारी के अनुसार सूरज महाकुड़ मोटरसाइकिल से चक्रधरपुर के नाडुपदा स्थित अपने ससुराल पत्नी को लाने जा रहा था।

# झारखंड में 20 जून से शुरू होगी एसआईआर प्रक्रिया, घर-घर जाकर होगा सत्यापन

संताल एक्सप्रेस



**रांची।** झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया 20 जून से शुरू की जा रही है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र भारतीय नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रहे। प्रत्येक घर तक संबंधित मतदान केंद्र के बीएलओ पहुंचकर मतदाताओं का सत्यापन करेंगे।मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी गुरुवार को धुर्वा स्थित निर्वाचन सदन में मीडिया प्रतिनिधियों के लिए आयोजित एक दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम एवं प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोल रहे थे। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के क्रम में 20 जून से 29 जून तक तैयारी, प्रशिक्षण एवं आवश्यक मुद्रण कार्य किए जाएंगे। इसके बाद 30 जून से 29 जुलाई तक बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं को गणना प्रपत्र उपलब्ध कराएंगे और सत्यापन करेंगे। इसके बाद प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 5 अगस्त को होगा। फिर 5 अगस्त से 4 सितंबर तक दावा एवं आपत्तियां दर्ज की जा सकेंगी। नोटिस पीरियड तथा दावों और आपत्तियों के निस्तारण की प्रक्रिया 3 अक्टूबर तक चलेगी। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 7 अक्टूबर को किया जाएगा। इस विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए अर्हता तिथि एक अक्टूबर 2026 निर्धारित की गई है।मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के क्रम में नए मतदाताओं के आवेदन, दावा एवं आपत्तियां दर्ज करने के क्रम में बीएलओ (बूथ लेवल अधिकारी) द्वारा घर-घर जाकर संकलित किए जाएंगे। जिन मतदाताओं से बीएलओ का संपर्क नहीं हो पाएगा, उनके लिए विशेष कैंप भी आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी मतदाता का नाम बिना सुनवाई के सूची से नहीं हटाया जाएगा और उन्होंने लोगों को भ्रामक सूचनाओं पर ध्यान नहीं देने की सलाह दी।इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर, अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार उपस्थित रहे।

## महिलाओं का यौन शोषण करनेवाले अधिकारियों को बचा रही सरकार : बाबूलाल

संताल एक्सप्रेस



**रांची ।** झारखंड की जेल व्यवस्था को लेकर नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर राज्य की जेलों में अधिकारियों की ओर से महिलाओं के कथित यौन शोषण और शिकायतों को दबाने के प्रयास का आरोप लगाया है।मरांडी की ओर से गुरुवार को लिखे पत्र में कहा है कि कुछ समय पहले उन्होंने बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार के काराधीक्षक कुमार चंद्रशेखर पर एक महिला कैदी के यौन शोषण और उसे गर्भवती करने के आरोपों को लेकर सरकार को अवगत कराया था। लेकिन कार्रवाई करने के बजाय प्रशासन ने मामले को दबाने और साक्ष्यों को खत्म करने की कोशिश की।पत्र में जेलर लवकुश कुमार पर भी गंभीर आरोप लगाए गए हैं। मरांडी के अनुसार, जेलर ने अपने पद और वर्दी का दुरुपयोग कर वर्षों तक महिलाओं का शोषण किया। उन्होंने आरोप लगाया कि एक महिला होमगार्ड के साथ अनैतिक संबंध बनाए और विरोध करने पर उसके पति को धमकियां दी गईं। इतना ही नहीं, झूठे मुकदमों में फंसाने और जान से मारने की धमकियां देकर परिवार को प्रताड़ित किया गया।नेता प्रतिपक्ष ने दावा किया कि चतरा कारागार में रहते हुए लवकुश कुमार ने कार्यस्थल पर महिला उत्पीड़न के मामलों को दबाने के लिए पीड़ित महिला को ही उत्पीड़न समिति का सदस्य बना दिया, ताकि रिकॉर्ड में शून्य शिकायत दिखाया जा सके।मरांडी ने यह भी आरोप लगाया कि बिरसा मुंडा कारागार के अधीक्षक कुमार चंद्रशेखर ने पीड़ित पति को पैसे लेकर पत्नी का शोषण सहन करने की सलाह दी। पत्र में मुख्यमंत्री से मांग की गई है कि आरोपित अधिकारियों को तत्काल निलंबित कर स्वतंत्र उच्च स्तरीय जांच कराई जाए और दोषियों को जेल भेजा जाए। मरांडी ने कहा कि संबंधित दस्तावेज और प्रमाण अलग से सरकार को उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

## तेज रफ्तार कार का कहर मैदान में सो रहे शख्स को रौंदा

**रांची ।** राजधानी के धुर्वा इलाके से हिट एंड रन का एक बेहद खौफनाक मामला सामने आया है, जहां रात में मैदान में सो रहे एक व्यक्ति को तेज रफ्तार गाड़ी ने बेरहमी से कुचल दिया। भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए डेमना लोहरा नाम का व्यक्ति अपने घर से निकलकर पास के ही एक मैदान में सोया हुआ था। इसी दौरान देर रात एक अनियंत्रित वाहन ने उसे रौंद दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने मुस्तैदी दिखाते हुए डेमना लोहरा को तुरंत पास के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां फिलहाल उसकी हालत बेहद नाजुक बनी हुई है। वारदात को अंजाम देने के बाद कार सवार युवकों ने मौके से भागने का प्रयास किया, लेकिन आसपास मौजूद लोगों ने पीछा कर उनमें से एक आरोपी वैभव को रंगे हाथों दबोच लिया।

## कांग्रेस ने राजीव गांधी की 35वीं पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि



**धनबाद।** कांग्रेसियों ने पुण्यतिथि पर पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को याद किया। उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण किया और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प दुहराया। कांग्रेसी गांधी सेवा सदन में जुटे। पार्टी की ओर से पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 35वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित किया । वक्ताओं ने कहा कि राजीव गांधी ने देश के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उनके त्याग और बलिदान को याद किया गया।कांग्रेस नेताओं ने कहा कि आज हम यहां श्रद्धांजलि देने के साथ-साथ उनके बताए मार्गों पर चलने का संकल्प लेते हैं। राजीव गांधी ने आधुनिक भारत, पंचायती राज और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में जो योगदान दिया, उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। मौके पर राजेश्वर सिंह यादव, मनोज सिंह, वैभव सिन्हा, अनिल साव, मोइन अंसारी, अनवर शमीम, प्रसाद निधि, संजय जायसवाल सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## बिजली - पानी संकट से आक्रोशित जनता सड़क पर उतरी



**कतरास।** बिजली और पानी की समस्या को लेकर कतरास तथा आस पास के इलाके में गुरुवार को विरोध प्रदर्शन किया गया। आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर दी। चैतुडीह कोलियरी कार्यालय के समीप लकड़का चार व पांच नंबर के लोगों ने छाताबाद- मालकेरा सड़क जाम कर दी। वार्ड संख्या पांच की पार्षद निरूपमा देवी के नेतृत्व में बिजली व पानी की समस्या के विरोध में प्रदर्शन किया फिर सड़क के बीचोंबीच धरना पर बैठ गए। बीसीसीएल प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की गई। तीन घंटे के बाद कतरास थाना प्रभारी प्रवीण कुमार दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों को समझा बुझाकर कर शांत कराया। चैतुडीह कोलियरी कार्यालय परिसर में पीओ इलियास अंसारी को बुलाया गया और ग्रामीणों के साथ वार्ता की। पीओ ने अतिशीघ्र ट्रांसफार्मर की मरम्मत कराने का आश्वासन दिया। थाना प्रभारी प्रवीण कुमार ने कहा कि आप लोगों का सहयोग चाहिए। जो व्यक्ति बिजली को व्यवसायिक तौर पर उपयोग करते हैं, उनका बिजली का संयोग काटा जाएगा। तभी बिजली की समस्या में सुधार हो पाएगी। इधर पार्षद निरुपमा देवी ने बताया कि लकड़का चार नंबर और छाताबाद पांच नंबर के करीब दो हजार की आबादी के बीच एक सप्ताह से बिजली व पानी की समस्या है। आखिर लोग कहां जायेंगे। अगर समस्या का निदान नहीं होता है तो हमलोग फिर आंदोलन पर उतरेंगे।मौके पर राकेश केशरी,सूरज शर्मा, दीपक सोनी, बबलू विश्वकर्मा, धीरज गुप्ता, चंदन केशरी, अनिकेत गुप्ता, रवि विश्वकर्मा, रैशव गुप्ता आदि शामिल थे।

## गौवंश से लदा वाहन पकड़ाया, एक गिरफ्तार

**धनबाद ।** धनबाद के मटकुरिया चेकपोस्ट के पास गुरुवार को गौ रक्षा दल के सदस्यों ने गौवंश से लदे एक मैजिक वाहन को पकड़ लिया। इस मामले में वाहन सहित एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर बैंक मोड़ थाना पुलिस के हवाले कर दिया गया है।गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए दल के सदस्यों ने वाहन को रोका, जबकि एक अन्य वाहन मौके से फरार हो गया। पकड़े गए वाहन से एक बछड़ा और एक बैल बरामद किया गया है। पुलिस हिरासत में लिए गए व्यक्ति से पूछताछ कर पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।गौ रक्षा दल के सदस्य अक्षत पासवान ने बताया कि सुबह सूचना मिली थी कि गोधर चेकपोस्ट की ओर से गौवंश लदे वाहन गुजर रहे हैं। सूचना के बाद दल के सदस्य सक्रिय हुए और मटकुरिया चेकपोस्ट के पास घेराबंदी कर एक मैजिक वाहन को पकड़ लिया।

## एसीबी ने बिजली विभाग के कर्मी को पांच हजार घूस लेते किया गिरफ्तार

**कोडरमा।** बिजली विभाग के एक कर्मी को हजारीबाग भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने पांच हजार रुपये घूस लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार कर्मी की पहचान सुनील कुमार के रूप में की गई है, जो झुमरीतिलैया स्थित विद्युत कार्यालय में बतौर लाइनमैन कार्यरत है।जानकारी देते हुए शिकायतकर्ता डोमचांच के सपही निवासी राजू यादव ने बताया कि डोमचांच प्रखंड अंतर्गत नीरू पहाड़ी के समीप उनका एक ऐश ब्रिक का प्लांट था, जिसको लेकर उन्होंने कुछ वर्षों पहले एक कमर्शियल बिजली का कनेक्शन लिया हुआ था।वही प्लांट के घाटे में जाने के कारण इन्होंने अपना प्लांट 2025 में बंद कर दिया और इसके पश्चात वे कनेक्शन कटवाने सहित कनेक्शन के समय जमा किए गए सिक्योरिटी मनी वापस लेने के लिए झुमरीतिलैया स्थित बिजली कार्यालय पहुंचे।उन्हें सिक्योरिटी मनी वापस लेने के लिए कई बार चक्कर लगाने पड़े। इस दौरान उनकी मुलाकात कार्यालय में कार्यरत लाइनमैन सुनील से हुई। उन्होंने सुनील से सारी बातें बताई।सुनील द्वारा कनेक्शन रद्द करने तथा सिक्योरिटी मनी वापस करने के एवज में उनसे 15 हजार रुपए की मांग की गई। उन्होंने इसकी लिखित शिकायत भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, हजारीबाग से की। जिसके बाद एसीबी की टीम गुरुवार को झुमरीतिलैया स्थित बिजली कार्यालय के पास पहुंची और सुनील को पांच हजार रुपए घुस लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। इसके पश्चात एसीबी की टीम सुनील को अपने साथ हजारीबाग ले गई।

## चलती ट्रेन से मां ने तीन माह के बच्ची को फेंका, रेलवे ट्रेक पर मिला शव

**सरायकेला।** सरायकेला खरसावां से एक दिल दहला देने वाली एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। चक्रधरपुर रेल मंडल के राजखरसावां व महालीमरूप स्टेशन के बीच बुधवार को देर रात खरसावां पुलिस व राजखरसावां जीआरपी के जवानों ने रेलवे ट्रेक के पास एक बच्ची का शव बरामद किया है। हावड़ा-बड़बिल जनशताब्दी एक्सप्रेस में सफर कर रही एक महिला पर अपने मासूम बच्ची को चलती ट्रेन से बाहर फेंकने का आरोप लगा है।बताया जा रहा है चलती ट्रेन से फेंक देने के कारण घटना स्थल पर ही बच्ची की मौत हो गयी।फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि आखिर एक मां ने अपने ही मासूम बच्चे के साथ ऐसा दिल दहला देने वाला कदम क्यों उठाया।जानकारी के अनुसार मृत बच्ची की मां मुद्रावती गोप को पुलिस हिरासत में ले कर पुछताछ कर रही है। आरोपी महिला का नाम मुद्रावती गोप पश्चिम सिंहभूम जिले के मझगांव क्षेत्र की रहने वाली है।सूत्रों के अनुसार ओरोपी महिला के साथ साथ उसके पति से भी रेलवे जीआरपी चक्रधरपुर या चाईबासा में पुछताछ कर रही है। परंतु अभी तक इसकी पुष्टि नहीं की गयी है।रेल ट्रैक के किनारे मासूम का शव बरामद होने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई।बच्ची का उम्र दो से तीन मांह के बीच बताया जा रहा है।हालांकि खरसावां पुलिस की ओर से अभी तक मामले में प्राथमिकी दर्ज नहीं की यी है। थाना प्रभारी गौरव कुमार ने बताया कि सूचना के आधार पर बुधवार की रात करीब नौ बजे सिमला गांव के पास रेलवे ट्रेक पर एक बच्ची का शव बरामद हुआ है।

## भाजपा का एकदिवसीय आक्रोश धरना प्रदर्शन



**जरमुंडी प्रतिनिधि ।** झारखंड प्रदेश भाजपा के निर्देशानुसार हेमंत सोरेन सरकार के खिलाफ पार्टी के स्थानीय संगठन द्वारा आक्रोश धरना प्रदर्शन किया गया। बिजली, पानी एवं 3200 एमएसपी पर किसानों के धान क्रय में सरकार की वादाखिलाफी को लेकर भाजपा मंडल ने हेमंत सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। भाजपा ने हेमंत सरकार पर चुनाव से पूर्व किसानों से किए गए वादों से मुकरने का आरोप लगाया। कहा कि राज्य की जनता भीषण गर्मी में बिजली पानी की समस्या से जुझ रही है। जरमुंडी भाजपा अध्यक्ष मिथलेश कुमार झा की अध्यक्षता में आयोजित इस धरना प्रदर्शन में जरमंडी सहित सहारा एवं बासुकीनाथ नगर मंडल के भाजपा कार्यकर्ता सम्मिलित रहे। जरमुंडी प्रखंड मुख्यालय के सामने आयोजित इस एकदिवसीय आक्रोश धरना प्रदर्शन में कार्यक्रम प्रभारी गौरव कांत प्रसाद, अनूप कुमार तथा इस धरना प्रदर्शन में जिला द्वारा नियुक्त वक्ता झारखंड प्रदेश कार्य समिति सदस्य निवास मंडल मुख्य रूप से उपस्थित रहे। आक्रोश धरना प्रदर्शन के दौरान भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल के द्वारा बिजली, पानी एवं धान क्रय की एमएसपी सहित किसानों से संबंधित विभिन्न मांगों को लेकर एक सामूहिक हस्ताक्षर युक्त स्मार पत्र जरमुंडी के प्रखंड विकास पदाधिकारी कुंदन भगत को सौंपा गया। इस मौके पर सहारा मंडल अध्यक्ष सुबोध मंडल, मुरलीधर मंडल, स्वरूप कुमार सिन्हा, राज नारायण गुप्ता, पवन तूरी, जरमुंडी महामंत्री बालकृष्ण पांडे, प्रशांत दत्ता, रतन बिहारी प्रसाद, संतोकी राय, निर्मल राउत, मनोज मंडल, आनंदी मांझी, विकास राणा, हेमंत यादव, रंजीत राय, जयप्रकाश झा, नरेश पंडा, राजू पंडा, रंजीत पांडे , संदीप पांडे, महिला मोर्चा से पंचू देवी, मीना देवी, संगीता देवी, युवा मोर्चा से चंदन राय, सहित सैकड़ो की संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से एस0 पी0 अग्रवाल ने मुलाकात की



संताल एक्सप्रेस

**रांची ।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से आज कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में साईं नाथ यूनिवर्सिटी, रांची के कुलपति-सह-पीएचडी चैंबर ऑफ़ कॉमर्स, झारखंड के अध्यक्ष प्रो0 (डॉ0) एस0 पी0 अग्रवाल ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को उन्होंने पीएचडी चेंबर ऑफ कॉमर्स, झारखंड द्वारा आगामी जून माह 2026 में आयोजित होने वाले इन्वेस्टर समिट में सम्मिलित होने हेतु सादर आमंत्रित किया।

## भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार तीन युवकों की मौत

संताल एक्सप्रेस

**गुमला।** जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात एक सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई। घटना के बाद पूरे इलाके में मातम पसरा हुआ है। हादसा इतना भयावह था कि युवकों की बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त होकर दो टुकड़ों में बंट गई। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेज दिया है।मृतकों की पहचान डूमरी थाना क्षेत्र के उजड़ा गांव निवासी संजीत केरकेट्टा (17), अक्षय केरकेट्टा (19) और आर्यन टोप्पो (18) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि तीनों युवक बुधवार शाम करीब चार बजे एक ही बाइक से घर से निकले थे। देर रात तक घर वापस नहीं लौटने पर परिजन चिंतित थे। इसी बीच रात करीब आठ बजे थाना डांड गांव के पास से गुजर रहे एक राहगीर ने सड़क किनारे तीन युवकों को गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़ा देखा। राहगीर ने तत्काल इसकी सूचना चैनपुर पुलिस को दी। सूचना मिलते ही चैनपुर थाना प्रभारी अरविंद कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे। मौके पर पहुंचने पर पुलिस ने पाया कि तीनों युवकों की मौत हो चुकी थी।

## युवक को बंधक बनाकर टांगी से काटा, मौत

**गुमला।** पालकोट थाना के अंबाटोली गांव में एक शादी समारोह के दौरान उपजे मामूली विवाद ने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया।यहां नाचने-गाने के दौरान हुए विवाद में 27 वर्षीय दुर्गा उरांव पर टांगी (कुल्हाड़ी) से ताबड़-तोड़ जानलेवा हमला कर दिया गया, और इसके बाद गंभीर रूप से जख्मी युवक को रात भर आरोपी के घर के बाथरूम में बंधक बनाकर रखा गया। अंततः इलाज के लिए रिम्स रांची ले जाने के दौरान रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। दर्ज फर्दबयान के अनुसार, मृतक के भाई सोमरा उरांव ने बताया कि वह अपनी मां और छोटे भाई दुर्गा उरांव के साथ गत 17 मई को लोटवा गांव में अपने मामा की बेटी की शादी में गये थे। 19 मई की रात शादी समारोह में नाच-गाने का कार्यक्रम चल रहा था।इसी दौरान नाचने की बात को लेकर दुर्गा उरांव का लोटवा गांव के ही गंगा टोप्पो (पिता स्वर्गीय हंसु उरांव) नामक युवक से विवाद हो गया।आरोप है कि इसके बाद गंगा टोप्पो ने दुर्गा को बहला-फुसलाकर अपने घर बुला लिया और वहां ले जाकर उसके सिर और माथे पर टांगी से कई वार कर दिये।युवक को लहूलुहान करने के बाद आरोपी ने उसे रात भर अपने ही घर के बाथरूम में बंद रखा। अगले दिन सुबह जब दुर्गा वापस नहीं लौटा, तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की।ढूंढते हुए जब वे आरोपी गंगा टोप्पो के घर पहुंचे, तो वहां जमीन पर खून बिखरा देख उनका माथा ठनका।शक होने पर जब बाथरूम खोलकर देखा गया, तो दुर्गा वहां लहूलुहान और अचेत अवस्था में बंद मिला। परिजनों ने आनन-फानन में उसे निकालकर सदर अस्पताल गुमला में भर्ती कराया परंतु रांची ले जाने के क्रम में बेडो के समीप ही दुर्गा ने दम तोड़ दिया।

## जनजाति सांस्कृतिकबहिष्कार के लिए संयुक्त अभियान चलाएगा आदिवासी अधिकार मंच

संताल एक्सप्रेस

**रांची ।** झारखंड सहित देश भर की आदिवासी जनता के बीच धर्म के नाम पर बांटने और डीलिस्टिंग की नफरत की राजनीति करने वाले आरएसएस की अनुषंगी संगठन जनजाति सुरक्षा मंच द्वारा 24 मई को दिल्ली में आयोजित कथित जनजाति सांस्कृतिक समागम के बहिष्कार के लिए एकजुट आदिवासी समाज व विभिन्न आदिवासी संगठनों के साथ आदिवासी अधिकार मंच, झारखंड अपनी एकजुटता का इजहार करता है।जनजाति सुरक्षा मंच न सिर्फ नफरत की राजनीति करता है बल्कि आदिवासियों के साम्राज्यवाद विरोधी संघर्ष के गौरवपूर्ण इतिहास को भी नकारता है। आदिवासी अधिकार मंच, झारखंड शुरू से ही स्वतंत्र रूप से और झारखंड क्षेत्रीय पड़हा समिति, केंद्रीय सरना समिति जैसे विभिन्न आदिवासी संगठनों के साथ मिलकर संयुक्त रूप से भी जनजाति सुरक्षा मंच की नफरत की राजनीति के खिलाफ मुखर एवं आंदोलित रहा है।आदिवासी अधिकार मंच, झारखंड पुनः जनजाति सुरक्षा मंच के इस कथित जनजाति सांस्कृतिक समागम के बहिष्कार के लिए शुरू किए गए संयुक्त अभियान में शामिल होने और इसे सफल बनाने में योगदान देने की घोषणा करता है।

## बढ़ती महंगाई और नीट पर लीक के विरोध में माले का धरना



**धनबाद।** बढ़ती महंगाई,नीट पेपर लीक और कलस्टर सिस्टम के विरोध में भाकपा माले ने धरना- प्रदर्शन किया।सभा भी की। गुरुवार को सभी रणधीर वर्मा चौक पर जुटे और केंद्र सरकार की नीतियों पर सवाल खड़े किये। वक्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार की जनविरोधी नीति के कारण देश की जनता परेशान है। पेट्रोल - डीजल की कीमतों में भरी वृद्धि के कारण महंगाई चरम पर पहुंच गई है। सरकार का ध्यान इस बात पर नहीं है। नीट पेपर लीक पर भी वक्ताओं ने केंद्र सरकार को जिम्मेवार ठहराया। कहा कि पेपर लीक की घटना से लाखों युवाओं को परेशानी झेलनी पड़ती है। पेपर लीक के कारण परीक्षा लेनेवाली संस्था एनटीए की विश्वसनीय पर सवाल खड़े हो गए हैं। सरकार कोई वैकल्पिक व्यवस्था करे।कॉलेजों में क्लस्टर सिस्टम की भी आलोचना की गई। वक्ताओं ने कहा कि यह छात्र हित में नहीं है। इसे तुरंत वापस लिया जाय। रितेश मिश्रा स्नेहा, जयंत चटर्जी सहित अन्य मौजूद थे।

## डीसी ने अधूरी योजनाओं, पेयजल, डिजिटल सेवाओं और आधार व्यवस्था पर जताई नाराजगी

**जामताड़ा।** जामताड़ा समाहरणालय सभागार में गुरुवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आलोक कुमार की अध्यक्षता में तकनीकी विभागों, जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी एवं जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठकें आयोजित हुईं। बैठक में लंबित योजनाओं, पेयजल संकट, डिजिटल सेवाओं और आधार पंजीकरण की स्थिति पर विस्तार से चर्चा हुई।उपायुक्त ने तकनीकी विभागों को बरसात से पहले चेकडैम, पुल-पुलिया और लंबित योजनाओं को पूरा करने का निर्देश देते हुए कहा कि कार्य की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होगा। उन्होंने पेयजल शिकायतों के त्वरित निष्पादन और नलकूप मरम्मत में तेजी लाने को कहा।ई-गवर्नेंस बैठक में 530 निष्क्रिय प्रज्ञा केंद्रों को सक्रिय करने, सीएससी केंद्रों में सेवा एवं शुल्क सूची प्रदर्शित करने तथा अधिक शुल्क लेने वालों पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए। वहीं डिजिटल पंचायत अभियान और साइबर क्लब संचालन की भी समीक्षा की गई।आधार निगरानी समिति की बैठक में 0-5 वर्ष आयुवर्ग के बच्चों का शत-प्रतिशत आधार बनाने, कैंप लगाने और कमजोर प्रदर्शन करने वाली एजेंसी पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

## मिहिजाम कनेक्शन वाले गिरोह का भंडाफोड़, छह गिरफ्तार

**मिहिजाम।** बिलासपुर जीआरपी ने ट्रेनों में महिला यात्रियों के हैंडबैग से जेवरात और नगदी चोरी करने वाले सक्रिय गिरोह का खुलासा करते हुए जामताड़ा कनेक्शन वाले छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अपराध क्रमांक 51/2026, धारा 305(सी) बीएनएस के तहत कार्रवाई करते हुए सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया।थाना प्रभारी विश्वनाथ चक्रवर्ती के अनुसार, गिरोह बिलासपुर से रायगढ़ के बीच चलने वाली ट्रेनों में सफर करने वाली महिला यात्रियों को निशाना बनाता था। भीड़भाड़ और यात्रा के दौरान मौका पाकर आरोपी हैंडबैग से सोने के जेवर, नगदी और अन्य कीमती सामान उड़ा लेते थे। बाद में चोरी के माल को बेचकर आपस में रकम का बंटवारा किया जाता था।गिरफ्तार आरोपियों में तुषार पासवान, विरासत पासवान, मोनी देवी, मामोनी केंवरा, सुजाता केंवरा और मोनिका देवी शामिल हैं। सभी जामताड़ा जिले के मिहिजाम क्षेत्र के निवासी बताए गए हैं।पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि चोरी के जेवरात मिहिजाम निवासी राजकिशोर शाह को बेचे जाते थे। पुलिस जब उसके ठिकाने पर पहुंची तो वह फरार मिला। पुलिस ने उसके घर पर इश्तिहार चस्पा किया है। तलाशी के दौरान एक सोने का नेकलेस भी बरामद किया गया है। पुलिस फरार आरोपी और चोरी की संपत्ति के वास्तविक मालिकों की तलाश में जुटी है।

## कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी की दी श्रद्धांजलि



**जामताड़ा।** जामताड़ा में गुरुवार को जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी के आवास पर भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि को शहीद दिवस के रूप में श्रद्धापूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की तथा लोकतंत्र, सामाजिक सौहार्द और देश की एकता की रक्षा का संकल्प लिया।श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद फुरकान अंसारी ने कहा कि राजीव गांधी आधुनिक भारत के शिल्पकार थे, जिन्होंने तकनीक, शिक्षा, संचार और लोकतंत्र को नई दिशा दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता उनके विचारों को लेकर अंतिम सांस तक संघर्ष करते रहेंगे।जिला कांग्रेस अध्यक्ष दीपिका बेसरा ने राजीव गांधी के लोकतांत्रिक मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने की बात कही, जबकि कार्यकारी अध्यक्ष विजय दुबे ने उनके योगदान को युवाओं और देश की एकता के लिए प्रेरणादायी बताया।कार्यक्रम में प्रभु मंडल, अशोक नायक, मिरुदी सोरेन, मास्टर दाऊद अंसारी, मधुसूदन चंद्रा, विमलेश सिंह, नंदकिशोर सिंह, कालीचरण सरखेल, सुभाष सिंह, बापी मंडल, अरूप राय, राहुल मंडल, कमल शेख, अमरनाथ मिश्रा और मुबारक अंसारी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बकरीद को लेकर जिला प्रशासन की बैठक



**गोड्डा ।** ईद-उल-अजहा (बकरीद) पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर गुरुवार को डीआरडीए सभागार में जिला प्रशासन की ओर से विधि-व्यवस्था संधारण को लेकर समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त लोकेश मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार ने संयुक्त रूप से की। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि ईद-उल-अजहा आपसी भाईचारे, त्याग और सौहार्द का पर्व है। जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी अनुमंडल पदाधिकारी, बीडीओ, अंचलाधिकारी एवं थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने तथा संवेदनशील स्थलों की पहचान कर वहां पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी व पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

## जामताड़ा में सड़क पर गिरा विशाल पेड़, घंटों जाम से जूझते रहे लोग



**जामताड़ा।** भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप के बाद गुरुवार शाम अचानक बदले मौसम ने शहर में अफरा-तफरी का माहौल पैदा कर दिया। तेज आंधी और बारिश के साथ आए तूफान ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया। गर्मी से राहत जरूर मिली, लेकिन कई स्थानों पर नुकसान की स्थिति भी बनी।व्यवहार न्यायालय और मत्स्य विभाग के बीच मुख्य सड़क पर एक बड़ा पेड़ जड़ से उखड़कर गिर गया, जिससे यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।सूचना मिलने पर प्रशासन और नगर परिषद की टीम मौके पर पहुंची तथा पेड़ हटाने का काम शुरू किया गया। वहीं पुलिस ने वैकल्पिक मार्गों से वाहनों का संचालन कराया।आंधी के कारण कई इलाकों में बिजली आपूर्ति भी प्रभावित हुई और कुछ स्थानों पर तार एवं छोटे पेड़ क्षतिग्रस्त हुए। राहत की बात यह रही कि घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

## ढेकीपाड़ा में पोल्ट्री फॉर्म ढहा, मलबे में फंसे बच्चों को ग्रामीणों ने बचाया



**मिहिजाम।**गुरुवार शाम करीब 5 बजे आए तेज आंधी और तूफान ने ढेकीपाड़ा गांव में भारी नुकसान पहुंचाया। अचानक मौसम बिगड़ने और तेज बारिश के बीच गांव स्थित एक पोल्ट्री फॉर्म भरभराकर ढह गया। उस समय बारिश से बचने के लिए कुछ बच्चे वहां रुके हुए थे, जो हादसे की चपेट में आ गए।पोल्ट्री फॉर्म गिरते ही इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू किया। ग्रामीणों के संयुक्त प्रयास से मलबे में फंसे सभी बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला गया।हादसे में कई बच्चों को चोटें आईं, जबकि तीन बच्चों को गंभीर चोट लगने की जानकारी मिली है। प्राथमिक सहायता के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए केजी अस्पताल, चित्तरंजन में भर्ती कराया गया है।घटना के बाद गांव में चिंता का माहौल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से प्रभावित परिवारों को सहायता देने और क्षति का आकलन कराने की मांग की है।

# महिलाओं ने महंगाई, बेरोजगारी और जनसमस्याओं को लेकर उठाई आवाज



संताल एक्सप्रेस

**जामताड़ा।** नारायणपुर प्रखंड के चम्पापुर पंचायत अंतर्गत दक्षिण बहाल गांव में ग्रामीण महिलाओं की ओर से जनसमस्याओं और बढ़ती महंगाई को लेकर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने महंगाई, बेरोजगारी और रोजमर्रा की परेशानियों को खुलकर सामने रखते हुए समाधान की मांग उठाई।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद फुरकान अंसारी ने महिलाओं की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई और रोजगार संकट का सबसे अधिक असर गरीब, किसान, मजदूर और महिलाओं पर पड़ रहा है। आम जनता की आवाज को उचित मंच तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है।इस दौरान महिलाओं ने शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक भागीदारी और आर्थिक सशक्तिकरण जैसे विषयों पर भी अपने विचार रखे।कार्यक्रम में चम्पापुर पंचायत की मुखिया प्रमिला बास्की, मुखिया प्रतिनिधि अनिल मुर्मू, स्वास्थ्य मंत्री के आप्त सचिव मो. अजहरुद्दीन, अकेला जब्बार, दिलीप पाठक, आरती पाठक, सुनीता देवी, मुसरत खातून, ममता तुरी, रौशन खातून, गोलोनी हेमब्रम, मालती सोरेन, नमिता राय, दुलारी हेमब्रम, सोमोली मुर्मू, भानु देवी, बासुदेव रवानी, कुंदन पोद्दार, सनाउल अंसारी, सफीक अंसारी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं और ग्रामीण मौजूद रहे।

## राज्य सरकार की वादाखिलाफी के विरोध में भाजपा का मेहरमा में धरना-प्रदर्शन



संताल एक्सप्रेस

**मेहरमा ।** भाजपा झारखंड प्रदेश के निर्देशानुसार किसानों एवं आम जनता के साथ किए गए कथित वादाखिलाफी और धोखे के विरोध में गुरुवार को मेहरमा प्रखंड मुख्यालय परिसर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता शामिल हुए और राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। धरना-प्रदर्शन को संबोधित करते हुए भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संजीव मिश्रा ने कहा कि राज्य सरकार चुनाव के समय किसानों और आम जनता से किए गए वादों को पूरा करने में पूरी तरह विफल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि किसानों को समय पर खाद एवं बीज उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है तथा ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों को अब तक उचित मुआवजा नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों के साथ छल कर रही है।नगर पंचायत अध्यक्ष प्रबोध सोरेन ने राज्य सरकार पर छात्रों और युवाओं की अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य में बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है और युवा रोजगार के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं। भाजपा युवा नेता अमित कुमार ने कहा कि राज्य सरकार अपने सभी वादों पर विफल साबित हुई है। चुनाव के समय झूठे वादे कर सत्ता में आई सरकार आज जनता की उम्मीदों पर खरी नहीं उतर रही है। भाजयुमो प्रमंडलीय प्रभारी रविन्द्र तिवारी ने कहा कि पैक्स के माध्यम से किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य और समय पर भुगतान नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रखंड से लेकर जिला कार्यालय तक भ्रष्टाचार व्याप्त है और बिना दलाल के कोई काम नहीं हो रहा है।

वहीं भाजपा की पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष प्रिया सिंह पटेल ने राज्य सरकार को भ्रष्टाचार और लूट की सरकार बताते हुए कहा कि राज्य की जनता, किसान, युवा और महिलाएं सभी परेशान हैं। उन्होंने कहा कि बिना भ्रष्टाचार के कोई सरकारी कार्य नहीं हो पा रहा है। धरना-प्रदर्शन के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने राज्य सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए किसानों और युवाओं से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया।

इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष लाल बहादुर सिंह एवं कृष्ण मुरारी चौबे, मेहरमा मंडल अध्यक्ष उमेश पासवान, बलबड्डा मंडल अध्यक्ष दीपक सिंह देव, महागामा मंडल अध्यक्ष अशोक यादव, ठाकुरगंगटी मंडल अध्यक्ष विपिन साह, डोय मंडल अध्यक्ष गणेश पोद्दार, हनवारा मंडल अध्यक्ष संतोष कुमार गुप्ता, भाजपा नेत्री नम्रता तांती, भाजपा नेता पप्पू ठाकुर, आनंद मिश्रा, फणीलाल कुशवाहा, संजय शाह, हरि किशोर मिश्रा, रंजीत कुमार, किरानी यादव, राजेश लाल, राजेश सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बरहरवा में ग्रामीणों को दी गई मलेरिया और कालाजार से बचाव की जानकारी

**बरहरवा।** बरहरवा-बरहरवा प्रखंड क्षेत्र के बड़ा सोनाकर पंचायत के भौराबांध गांव में बुधवार की रात्रि स्वास्थ्य विभाग द्वारा संध्या चौपाल का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहरवा के चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों ने दर्जनों ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें आवश्यक चिकित्सीय परामर्श और दवाइयां उपलब्ध कराईं.इस दौरान ग्रामीणों का बीपी, शुगर, हीमोग्लोबिन समेत विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी जांच की गई. स्वास्थ्य कर्मियों ने लोगों को विशेष रूप से मलेरिया एवं कालाजार जैसी गंभीर बीमारियों के प्रति जागरूक करते हुए उनके कारण, लक्षण और बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी.चिकित्सकों ने बताया कि मलेरिया मच्छरों के काटने से फैलता है. जबकि कालाजार बालू मक्खी के माध्यम से फैलने वाली बीमारी है. इन बीमारियों से बचाव के लिए घर एवं आसपास साफ-सफाई बनाएं रखना, मच्छरदानी का नियमित उपयोग करना तथा जलजमाव नहीं होने देना बेहद जरूरी है. साथ ही लंबे समय तक बुखार, कमजोरी या अन्य लक्षण दिखाई देने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जांच कराने की सलाह दी गई. जिला जनसंपर्क विभाग की एलईडी भैन के माध्यम से भी ग्रामीणों को कालाजार एवं मलेरिया से बचाव को लेकर जागरूक किया गया. जागरूकता कार्यक्रम में ग्रामीणों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्राप्त की.बीपीएम संजय कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 22 मई को इस्लामपुर पंचायत के किस्टोपुर गांव में भी संध्या चौपाल का आयोजन किया जाएगा. जहां ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाएं एवं जागरूकता कार्यक्रम का लाभ मिलेगा.मौके पर डॉ. नवल किशोर साहा, बीपीएम संजय कुमार सिंह, अजय कुमार सहित कई स्वास्थ्यकर्मी व ग्रामीण उपस्थित थे.

## 26 मई को भ्रष्टाचार और जनसमस्याओं के खिलाफ समाहरणालय घेराव करेगी भाकपा

**संवाददाता नाला (जामताड़ा)।**नाला पीडब्ल्यूडी परिसर में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) नाला अंचल कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कॉमरेड सनातन मरांडी ने की। बैठक में राष्ट्रीय परिषद सदस्य कन्हाई चंद्र मालपहाड़िया भी मौजूद थे7 बैठक में संगठन विस्तार, नए सदस्य बनाने तथा सभी पंचायतों में नई भर्ती अभियान को तेज करने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक में जिला कमेटी के निर्णय के आलोक में आगामी 26 मई मंगलवार को जामताड़ा समाहरणालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम को सफल बनाने की रणनीति तैयार की गई। इस दौरान कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय परिषद सदस्य कन्हाई चंद्र माल पहाड़िया ने बताया कि जिले में अवैध खनन, भूमि संरक्षण की समस्या, मनरेगा में लूट, धान क्रय केंद्रों में अनियमितता सहित विभिन्न विभागों में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ पार्टी जोरदार आंदोलन करेगी। इसके अलावा पानी, बिजली, स्वास्थ्य और रोजगार संकट को लेकर भी आवाज बुलंद की जाएगी।निर्णय लिया गया कि 26 मई को पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न 12~30 बजे तक पार्टी कार्यकर्ता झंडा-बैनर के साथ समाहरणालय पहुंचकर धरना-प्रदर्शन करेंगे तथा उपायुक्त को मांग पत्र सौंपेंगे।बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि 30 मई से 1 जून तक कुंडहित जिला परिषद भवन में तीन दिवसीय पार्टी क्लास का आयोजन किया जाएगा। इसमें नाला अंचल से 20 युवा पार्टी सदस्यों का चयन किया गया है, जो प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेंगे।मौके पर आयेन चंद्र माजी, गोविंद पाल, सुबल चंद्र मंडल, सुरेश दास, रविन धीवर, सदानंद बाद्यकर, घनश्याम मंडल, सुबोध घोष, शिवधन किस्कु, आनंद सोरेन, धनलाल मरांडी, सोना धन मरांडी, जियाराम राउत, सौरभ घोष, अमित मरांडी, दिवाकर मंडल, तेज नारायण पाल, सुरेश राय, वरुण मंडल सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## ओवरलोड पिकअप वैन में लगी आग

**कर्माटांड़ ।** कर्माटांड़ थाना क्षेत्र के गणपत चौक के समीप गुरुवार को उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब अत्यधिक बिचाली (पुआल) लदे एक पिकअप वैन में बिजली के हाई वोल्टेज तार के संपर्क में आने से भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने इतना विकराल रूप धारण कर लिया कि पूरे इलाके में धुएं का गुबार छा गया। हालांकि, चालक और खलासी की सूझबूझ और ग्रामीणों की भारी मशक्कत के बाद एक बड़ा हादसा होने से टल गया।कैसे हुआ हादसा?प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पिकअप वैन में क्षमता से अधिक (ओवरलोड) बिचाली लदी हुई थी। जैसे ही गाड़ी कर्माटांड़ गणपत चौक के पास पहुंची, ऊंचाई ज्यादा होने के कारण ऊपर से गुजर रहा बिजली का सुचालक तार बिचाली से सट गया। तार के टकराते ही उसमें जोरदार स्पार्किंग हुई और सूखी बिचाली ने तुरंत आग पकड़ ली। हवा के रुख के कारण आग कुछ ही सेकंडों में पूरी गाड़ी में फैलने लगी।चालक और खलासी ने दिखाई बहादुरी हादसा टली ।

## गोड्डा में नए एसडीपीओ आकाश भारद्वाज ने संभाला पदभार




**गोड्डा ।** गोड्डा में नए एसडीपीओ आकाश भारद्वाज ने विधिवत रूप से अपना पदभार ग्रहण कर लिया। पदभार संभालने के बाद उन्होंने अपनी प्राथमिकताओं को स्पष्ट करते हुए कहा कि पुलिसिंग केवल कानून लागू करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जनता के विश्वास, संवेदनशीलता और बेहतर समन्वय का माध्यम भी है। उन्होंने कहा कि पुलिस और आम जनता के बीच मजबूत संबंध स्थापित कर सुरक्षित और शांतिपूर्ण समाज का निर्माण किया जाएगा।नए एसडीपीओ ने बताया कि दुमका में एक वर्ष के व्यावहारिक प्रशिक्षण के दौरान उन्होंने थाना संचालन, लॉ एंड ऑर्डर ड्यूटी, राजकीय मेला, लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन करते हुए जमीनी अनुभव प्राप्त किया है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान मिले अनुभवों का उपयोग गोड्डा में स्मार्ट पुलिसिंग को बढ़ावा देने में किया जाएगा।उन्होंने कहा कि पुलिस और पब्लिक दोनों एक ही व्यवस्था के अहम हिस्से हैं तथा दोनों के सहयोग से ही बेहतर समाज का निर्माण संभव है।आकाश भारद्वाज ने गोड्डा के लोगों को सरल और सहयोगी बताते हुए शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। साथ ही सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने एवं मोबाइल तथा इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का उपयोग करते समय साइबर फ्रॉड से सतर्क रहने की सलाह दी।उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में युवाओं और स्कूली बच्चों को जागरूक करने के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाया जाएगा।

## आदि कर्मयोगी अभियान के तहत जनसुनवाई शिविर आयोजित



**महागामा संवाददाता ।** आदि कर्मयोगी अभियान के तहत करनू पंचायत स्थित आदि सेवा केंद्र, दुर्गापुर में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे और ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर उनके समाधान का प्रयास किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड कल्याण पदाधिकारी विवेक दत्ता, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी पंकज कुमार दास, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारीकृष्णा कुमार सिंगर, करनू पंचायत सचिव, मुखिया राजेंद्र टुडू, गांव के डीलर सहित मेडिकल टीम कैंप में मौजूद रही। शिविर के दौरान ग्रामीणों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा योजनाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया भी समझाई गई।जनसुनवाई में पहुंचे ग्रामीणों ने राशन, पेंशन, श्रम कार्ड, स्वास्थ्य सुविधा सहित अन्य समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा। कई समस्याओं का त्वरित निष्पादन मौके पर ही किया गया, जबकि अन्य मामलों के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया गया।कैंप में काफी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही। अधिकारियों ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है। वहीं ग्रामीणों ने भी इस तरह के शिविर को लाभकारी बताते हुए प्रशासनिक पहल की सराहना की।

## कालाझरिया की सोनी कुमारी बनीं आंगनबाड़ी सेविका



**जामताड़ा।** जामताड़ा जिले के करमाटांड़ प्रखंड अंतर्गत बरमुंडी पंचायत के कालाझरिया गांव की निवासी सोनी कुमारी को आखिरकार आंगनबाड़ी सेविका पद का नियुक्ति पत्र मिल गया। गुरुवार को विद्यासागर प्रखंड कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रभारी सीडीपीओ सह अंचलाधिकारी चोनाराम हेंब्रम ने उन्हें औपचारिक रूप से नियुक्ति पत्र सौंपा।जानकारी के अनुसार, 26 जून 2025 को आयोजित आमसभा एवं चयन समिति की बैठक में कालाझरिया आंगनबाड़ी केंद्र के सेविका पद के लिए सोनी कुमारी, पति रतन कुमार मंडल का सर्वसम्मति से चयन किया गया था। चयन प्रक्रिया पूरी होने के करीब 11 महीने बाद उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई।

## राइफल शूटर स्वर्ण पद विजेता दिवाषी को रबीन्द्रनाथ महतो ने किया सम्मानित



**कुंडहित (जामताड़ा)।** नाला विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कुंडहित प्रखंड निवासी दिवाषी हेंब्मरम ने थाईलैंड में आयोजित इंटरनेशनल राइफ़ल शूटिंग चैंपियनशिप 2026 में गोल्ड मेडल जीतकर नाला क्षेत्र सहित राज्य और देश का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि पर गुरुवार को रांची स्थित विधानसभा अध्यक्ष आवासीय कार्यालय में एक सम्मान समारोह के दौरान माननीय अध्यक्ष महोदय रवीन्द्रनाथ महतो जी ने दिवाषी हेंम्बरम को मोमेंटो एंव अन्य उपहार देकर सम्मानित किया।इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने कहा कि आपने अपने शानदार खेल से राइफ़ल शूटिंग के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छुआ है। आपकी यह उपलब्धि न केवल झारखण्ड बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का क्षण है। आप इसी तरह अपने खेल से युवा खिलाड़ियों को प्रेरित करती रहें और भारत का नाम रोशन करते रहें । उन्होंने कहा अदुर गांव के गलियारे में पलने वाले बेटियों ने थाईलैंड पहुंचकर राइफल शूटिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता में भाग लेकर स्वर्ण पदक जीत कर झारखंड का ही नही भारत का नाम रोशन किया। ऐसी बेटियों को हम तहे दिल से आशीर्वाद, शुभकामना और धन्यवाद देता हूं। महतो ने कहा वर्तमान हेंमत सरकार ने युवा पीढ़ियों को खेल भावनाओं से आगे ले जाने के लिए विभिन्न खेल, कीड़ा कार्यक्रम का आयोजन पुरी झारखंड क्षेत्र में शुरू किया गया। उन्होंने कहा झारखंड सरकार ने खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए झारखंड खेल नीति 2022 लागू की है, जिसके तहत कई प्रमुख योजनाओं और कार्यक्रमों की शुरुआत की गई है। महतो ने कहा दिवाषी एक गरीब आदिवासी परिवार के माता पिता के तीसरे बेटी रहा। पिता सुधीर हेम्बरम कृषि कार्य के साथ झामुमो के सक्रिय कार्यकर्ता रहे। मां सरस्वती टुडु गृहिणी के साथ साथ एक अनुसाशित अभिभावक रहा। जो आपने लालन पालन से इन बेटियों को मुकाम तक पहुंचने में कारगर साबित हो रहे हैं। मौके पर विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो, पिता सुधीर हेम्बरम, माता सरस्वती टुडु, के अलावे पार्टी कार्यकर्ताओं एंव परिवार के सदस्यों उपस्थित थे।

## जनगणना मैपिंग पर नवाडीह में बवाल , दूसरे प्रखंड से जुड़ने के आरोप पर ग्रामीणों का प्रदर्शन



**जामताड़ा।**जामताड़ा प्रखंड अंतर्गत नवाडीह गांव में जनगणना 2027 की मैपिंग प्रक्रिया को लेकर विवाद गहराता नजर आ रहा है। कथित त्रुटिपूर्ण मैपिंग के विरोध में ग्रामीणों ने जामताड़ा प्रखंड मुख्यालय पहुंचकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया और प्रशासन से तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई की मांग की।ग्रामीणों का आरोप है कि नवाडीह गांव की पूर्व मैपिंग संख्या 0009 थी, लेकिन जनगणना कार्य के दौरान इसे बदलकर 0226 कर दिया गया। उनका कहना है कि इस बदलाव के कारण गांव के करीब 70 प्रतिशत परिवारों की मैपिंग मोहनपुर पंचायत एवं करमाटांड़ प्रखंड क्षेत्र से जोड़ दी गई है, जिससे भविष्य में सरकारी योजनाओं, प्रशासनिक रिकॉर्ड और स्थानीय पहचान पर असर पड़ सकता है।प्रदर्शनकारियों ने मैपिंग कार्य में लापरवाही का आरोप लगाते हुए नए कर्मियों की नियुक्ति कर पुनः सर्वेक्षण और वास्तविक भौगोलिक स्थिति के आधार पर दोबारा मैपिंग कराने की मांग उठाई।विरोध प्रदर्शन में अकीब खान, मनोज मंडल, बापी दास, एजाज खान, समीम खान, मोबीन खान, संजय दास, मनोज दास और शमशेर खान सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।मामले पर जिला सांख्यिकी पदाधिकारी सुजीत कुमार ने कहा कि शिकायत की जांच कर प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक सुधार किया जाएगा।

## राजद का युवा संवाद चौपाल यात्रा को लेकर बैठक



**संताल एक्सप्रेस पाकुड़।** पाकुड़ नगर के मारवाड़ी धर्मशाला में राजद का युवा संवाद चौपाल यात्रा को लेकर बैठक हुई। उक्त बैठक में शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे। उक्त बैठक में युवाओं से संबंधित और एवं पार्टी के विचारधाराओं को से अवगत कराया गया। बैठक में हिस्सा लेने के लिए झारखंड प्रदेश के रंजन यादव, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश महासचिव कमलेश यादव और प्रदेश प्रवक्ता क्षितिज मिश्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन का कार्य वरिष्ठ नेता सह जिला सचिव रंजीत कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ के यादव को बुके देकर स्वागत की गयी। उक्त कार्यक्रम में जिला रंजन अध्यक्ष महावीर मढैया एवं नवनियुक्त युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अमन कुमार सिंह, किसान मोर्चा के अध्यक्ष अजीत कुमार सिंह, जिला सचिव हजरत शेख, प्रखंड अध्यक्ष पाकुड़ रमेश सिंह, लिट्टीपाड़ा प्रखंड अध्यक्ष मनोज मढैया, अमरपारा प्रखंड अध्यक्ष विनोद ठाकुर, आशुतोष राणा राघवेंद्र प्रताप सिंह, प्रेमजीत लक्ष्मण, राजकुमार बाबू पांडे सहित सैकड़ों ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

## वरिष्ठ पत्रकार चांद चौबे के असामयिक निधन पर पत्रकार संघ ने दी श्रद्धांजलि



**गोड्डा ।** जिले के वरिष्ठ पत्रकार भूपेंद्र कुमार चौबे उर्फ चांद चौबे के असामयिक निधन से गोड्डा का पत्रकारिता जगत शोकाकुल है। उनके निधन की खबर फैलते ही जिले भर के पत्रकारों और शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ गई। गुरुवार को पत्रकार संघ की ओर से स्थानीय शहीद स्मारक परिसर में श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित पत्रकारों ने कहा कि चांद चौबे का निधन पत्रकारिता जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। उनकी कमी लंबे समय तक महसूस की जाएगी। इस अवसर पर नीरभ किशोर, संजीव कुमार झा, दिलीप कुमार झा, नरेंद्र कुमार महतो, रंजीत राठैड़, अभिनीत तन्मय, इकरारुल हसन आलम एवं अमरेन्द्र सिंह बिट्टू सहित कई पत्रकार एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## बाघाकोल सत्संग मंदिर में वार्षिक सत्संग, उमड़े हजारों श्रद्धालु



**ठाकुरगंगटी ।** प्रखंड क्षेत्र की चपरी पंचायत अंतर्गत बाघाकोल प्रथम स्थित सत्संग मंदिर आश्रम में आयोजित दो दिवसीय वार्षिक सत्संग के प्रथम दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। प्रथम रात्रि में भागलपुर के कुप्पाघाट से पधारे स्वामी सत्य प्रकाश जी महाराज समेत कई संत-महात्माओं ने अपने प्रवचनों से श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक संदेश दिया।स्वामी सत्य प्रकाश जी महाराज ने कहा कि मनुष्य को परमात्मा से केवल परमात्मा की ही याचना करनी चाहिए।कार्यक्रम के सफल आयोजन में स्वामी राममूर्ति जी महाराज, अध्यक्ष वशिष्ठ कुमार महतो, सचिव अनिल कुमार महतो, कोषाध्यक्ष मांगन महतो, शिक्षक दिलीप कुमार महतो, पूर्व अध्यक्ष शंकर महतो, शिक्षक कुमार महतो, उमेश कुमार महतो, सुशील महतो समेत बाघाकोल प्रथम गांव एवं आसपास के कई गांवों के सैकड़ों श्रद्धालु सहयोग कर रहे हैं। ध्यान साधना शिविर एवं सत्संग में ठाकुरगंगटी प्रखंड के विभिन्न गांवों के अलावा मेहरमा, बोआरीजोर, महागामा, साहिबगंज जिले के मंडरो व बोरियो तथा बिहार के भागलपुर जिले के पीरपैंती व कहलगांव क्षेत्र से भी हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया।

## नीट... लीक से लेनी होगी सीख

भारत में एक बार फिर प्रतिष्ठित मेडिकल परीक्षा का पेपर लीक हो गया। अब तो पेपर लीक एकदम आम सा हो गया है। जितनी सहजता से खामियों को छुपाते हुए परीक्षा रद कर दी जाती है, उसके एवज में लाखों बच्चों के मन मस्तिष्क पर इसका क्या प्रभाव पड़ता होगा, समझने की कोशिश भी नहीं का जाती। यह अफसरशाही नहीं तो क्या है? अबकी बार नीट यूजी 2026 पेपर लीक ने फिर तमाम व्यवस्थाओं और परीक्षा तंत्र पर करारा तमाचा जड़ा है। ऐसा पहली बार नहीं हुआ और जो तौर-तरीके देखने में आ रहे हैं उससे लगता है कि न ही आखिरी बार होगा। सबसे पहले बात 3 मई 2026 को भारत भर में हुई उस परीक्षा की जिसमें 22 लाख से अधिक छात्र देश-समाज के लिए कुछ करने की लालसा लिए नीट यूजी परीक्षा में शामिल हुए। उन्हें उम्मीद थी कि उनका सब कुछ बदल जाएगा। लेकिन सपने चूर-चूर हो गए। महज एक बयान जारी कर नौ दिन बाद नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने मेडिकल कोर्सों में दाखिले खातिर होने वाली नीट-यूजी की परीक्षा रद कर दी। वजह बताई गई कि एजेंसी को 7 मई को एक व्हिसलब्लोअर ने जानकारी दी कि एक गेस पेपर का पीडीएफ़ व्हाट्स ऐप पर सर्कुलेट किया गया था, जिसमें वास्तविक नीट परीक्षा जैसे ही प्रश्न थे। एनटीए के महानिदेशक ने कहा कि परीक्षा में किसी भी तरह का उल्लंघन हमारी जीरो-टॉलरेंस नीति के ख़िलाफ है और इससे उन 22 लाख छात्रों के भविष्य पर प्रतिकूल असर पड़ता है जिन्होंने परीक्षा के लिए कड़ी मेहनत की थी। बयान के लब्बो-लुआब में नपे-तुले शब्दों से अपनी निष्पक्षता बनाए रखने के लिए जरूर पापड़ बेले गए। लेकिन अब उन लाखों बच्चों का क्या होगा जिन्हें लीक पेपर से कोई वास्ता नहीं था। पेपर अच्छा गया था। चयन तय था, लेकिन सपने एक झटके में टूट गए! क्या एनटीए को भान होगा कि बच्चों के कोमल मन मस्तिष्क पर क्या असर पड़ेगा? जब परीक्षा के पहले ही पीडीएफ बिके, सोशल मीडिया पर वायरल संदेश और सौदेबाजी की बातें हो रहीं थीं तब सारी एजेंसियों के कान में तेल पड़ा था? परीक्षा कोई भी हो, उसकी पवित्रता और निष्पक्षता का ध्यान रखने की गुरुतर जिम्मेदारी उन्हें संचालित करने वालों की होती है। भारत में कुछ पेपर लीक बहुत ही सुर्खियों, विवादों और चर्चाओं में रहे हैं। ऐसे कुछ मामले आज भी लोगों को भुलाए नहीं भूलते। इनमें मध्य प्रदेश व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) का 2013 का मामला काफी चर्चित है। इसमें नकली परीक्षार्थी (सॉल्वर) दूसरों की जगह परीक्षा में सम्मिलित हुए। लंबी रकम देकर इस तरह नौकरियां में जाने का रास्ता भी बना था लेकिन पकड़े गए। मामले में कई आरोपितों सहित जांच एजेंसियों के लोगों की संदिग्ध मौतें भी हुईं। तब पूरा मामला तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के लिए भी गले की हड्डी बना। आरोप-प्रत्यारोपों की झड़ी लगी लेकिन सभी आरोप सिद्ध नहीं हो पाए। एक अन्य मामला कर्मचारी चयन आयोग का सामने आया। जब उच्चतम न्यायालय ने पूरी भर्ती प्रणाली को दूषित बता दिया। कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) की कम्बाइंड ग्रेजुएट लेवल (सीजीएल) 2017 परीक्षा का पेपर परीक्षा शुरू होने से पहले ही सोशल मीडिया पर लीक हो गया।सीबीआई जांच में पता चला कि कुछ परीक्षा केंद्रों के सुपरवाइजर्स ने अभ्यर्थियों को रिमोट एक्सेस सॉफ्टवेयर के जरिए बाहरी मदद दिलवाई थी। 2022 में रेलवे भर्ती विवाद में सवा करोड़ युवाओं का सड़कों पर उबाल दिखा जिन्होंने स्क्रीनिंग टेस्ट पर आपत्ति उठाई।

# दुनिया को सचेत उपभोग की ओर प्रेरित करना



प्रताव राव जाधव

आज जब दुनिया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 मना रही है, मानवता एक निर्णायक सभ्यतागत मोड़ पर खड़ी है। वर्तमान में हम अभूतपूर्व तकनीकी और भौतिक प्रगति के युग में जी रहे हैं, फिर भी हम जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों, बढ़ते मानसिक तनाव, पर्यावरणीय क्षरण और जीवन जीने के अस्थिर तरीकों जैसी चुनौतियों का सामना भी कर रहे हैं। इनमें से कई संकटों के मूल में एक ही चुनौती नज़र आती है- वस्तुओं का अनियंत्रित और बिना सोचे-समझे किया जाने वाला उपभोग।

प्राकृतिक संसाधनों के ज़रुरत से ज्यादा दोहन से लेकर डिजिटल उपयोगिता पर अत्यधिक निर्भरता और अस्थिर जीवनशैली तक, आज आधुनिक समाज संतुलन से लगातार दूर होता जा रहा है। और इसी संदर्भ में, योग न केवल एक प्राचीन स्वास्थ्य अभ्यास के रूप में, बल्कि एक ज़िम्मेदार जीवन जीने के लिए एक कालातीत रूपरेखा के रूप में उभर कर सामने आता है। योग मानवता को आत्म-नियमन, संयम और सचेत विकल्पों की ओर एक शक्तिशाली मार्ग प्रदान करता है। यह हमें सिखाता है कि हम अपने भीतर और अपने आस-पास की दुनिया के साथ सामंजस्य कैसे स्थापित करें।

सोच समझकर वस्तुओं का उपभोग करने का आह्वान

अत्यधिक उपभोग की वैश्विक चुनौती से निपटने के लिए, हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व ने मिशन LiFE (लाइफ़स्टाइल फ़ॉर एनवायरनमेंट) के ज़रिए एक सशक्त दिशा प्रदान की है। COPW6 में, प्रधानमंत्री ने एक ऐसे सिद्धांत को सामने रखा, जो योग के दर्शन से गहराई के साथ जुड़ा है- आज ज़रूरत है सचेत और सोच-समझकर उपयोग करने की, न कि बिना सोचे-समझे और विनाशकारी तरीके से उपभोग करने की।

हाल ही में, वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं और आपूर्ति-श्रृंखला में आई बाधाओं के बीच, प्रधानमंत्री ने इस अपील का विस्तार करते हुए इसे एक दैनिक नागरिक ज़िम्मेदारी का रूप दिया।

उन्होंने नागरिकों को प्रोत्साहित किया कि वे जान-बूझकर ऐसे उपभोग को सीमित करें, जिनसे बचा जा सकता है, जैसे ईंधन बचाना, अनावश्यक ऊर्जा का उपयोग कम करना, और गैर-ज़रूरी खर्चों पर दोबारा विचार करना। यह अपील किसी चीज़ की कमी या अभाव पर आधारित नहीं है, बल्कि, यह सामूहिक सशक्तिकरण, निरंतरता और राष्ट्रीय ज़िम्मेदारी के लिए एक रणनीतिक और नैतिक आह्वान है। जैसा कि उन्होंने हमें याद दिलाया- हर छोटा-बड़ा प्रयास मायने रखता है, ठीक वैसे ही जैसे हर एक बूंद से घड़ा भरता है।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026

ये विचार योग के बुनियादी सिद्धांतों से गहराई से जुड़े हुए हैं। योग दर्शन अपरिग्रह - यानी अनावश्यक चीज़ों को जमा करने से बचना और संतोष यानी अपनी असली ज़रूरतों से संतुष्ट रहना, की बात करता है। ये सिद्धांत मिलकर एक ऐसी सोच पैदा करते हैं, जो लोगों को अंधाधुंध उपभोग से दूर सचेत जीवन की ओर प्रेरित करती है। योग हमें निष्क्रिय उपभोक्ता से बदलकर इस धरती का ज़िम्मेदार रखवाला बनाता है।

पारिस्थितिक संतुलन के लिए एक साधन के रूप में योग

पृथ्वी पर इंसानी ज़रूरतों को पूरा करने के लिए तो काफ़ी संसाधन हैं, लेकिन इंसान की असीमित लालच को पूरा करने के लिए नहीं। योग प्रकृति के साथ हमारे आपसी जुड़ाव की भावना को गहरा करके इस जागरूकता को फिर से जगाने में मदद करता है। जिस हवा में हम सांस लेते हैं, जो भोजन हम करते हैं और जिस स्थिरता की हम तलाश करते हैं, ये सभी एक साझा पारिस्थितिक तंत्र का हिस्सा हैं।

योग का अभ्यास धीरे-धीरे हमारे व्यवहार को भीतर से बदल देता है। यह मन की बेचैनी को शांत करता है, जल्दबाज़ी वाली आदतों को कम करता है और आत्म-अनुशासन को मज़बूत बनाता है। आज की दुनिया, जो पल भर के सुख और अत्यधिक उपभोगवाद से संचालित होती है, उसमें योग वह आंतरिक स्पष्टता पैदा करता है, जिसकी ज़रूरत हमें अपनी असली ज़रूरतों और कभी न खत्म होने वाली इच्छाओं के बीच फ़र्क समझने के लिए होती है।

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण तथा आयुष, दोनों मंत्रालयों से जुड़े मंत्री के तौर पर, मैं हर दिन यह देखता हूँ कि योग किस तरह गैर-संक्रामक रोगों (एनसीडी) के खिलाफ एक निवारक सार्वजनिक स्वास्थ्य साधन के रूप में काम करता है। शारीरिक गतिविधि, मानसिक संतुलन और अनुशासित जीवन शैली को बढ़ावा देकर, योग अस्वस्थ आदतों और अत्यधिक चिकित्सीय हस्तक्षेपों पर हमारी निर्भरता को कम करता है। एक योगिक जीवन शैली स्वाभाविक रूप से सादगी, संयम, संतुलित पोषण, कम बर्बादी और संसाधनों के सचेत उपयोग को बढ़ावा देती है, ठीक वही व्यवहारिक बदलाव, जो पर्यावरणीय स्थिरता के लिए ज़रुरी है।

इस प्रकार, योग न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य का एक मार्ग है, बल्कि यह व्यवस्था में जिम्मेदारीपूर्ण जीवन के लिए एक व्यावहारिक ढाँचा भी है।

भारत का वैश्विक योग नेतृत्व

आज, जब योग दुनिया के लिए भारत के सबसे प्रभावशाली योगदानों में से एक बन गया है। यह स्वास्थ्य, सद्भाव और सामूहिक कल्याण की एक शक्तिशाली अभिव्यक्ति भी बन चुका है। जो योग एक प्राचीन सभ्यतागत प्रथा के रूप में शुरू हुआ था, वह आज एक वैश्विक आंदोलन बन गया है, जो भूगोल, राजनीति, भाषा और संस्कृति की सीमाओं से परे है।

हर साल, कई महाद्वीपों में लाखों लोग योग समारोहों में भाग लेते हैं। वे केवल आसन ही नहीं करते, बल्कि एक स्वस्थ, अधिक संतुलित और टिकाऊ जीवन की साझा आकांक्षा को भी अपनाते हैं। योग निवारक स्वास्थ्य सेवा, मानसिक कल्याण और सचेत जीवन शैली की एक सार्वभौमिक भाषा के रूप में उभरा है।

योग के ज़रिए, भारत ने दुनिया को समग्र स्वास्थ्य के लिए एक ऐसा गैर-बाध्यकारी और समावेशी ढाँचा प्रदान किया है, जो आधुनिक चिंताओं का समाधान शाश्वत ज्ञान के साथ करता है।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 का यही महत्व है। चूँकि योग दुनिया भर में लाखों लोगों के जीवन को छूता है, इसलिए यह बड़े पैमाने पर व्यवहारिक परिवर्तन को प्रेरित करने के लिए एक बेजोड़ मंच भी प्रदान करता है। योग की सामूहिक भावना के ज़रिए, स्थिरता, संयम और सचेत जीवन-शैली के संदेश अधिक दूर तक पहुँच सकते हैं और लोगों के मन में गहरी छाप छोड़ सकते हैं।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 के लिए एक सामूहिक संकल्प

सच्चा कल्याण अकेले अस्तित्व में नहीं हो सकता। मानव स्वास्थ्य, सामुदायिक कल्याण और संपूर्ण ग्रह का स्वास्थ्य आपस में गहराई से जुड़े हुए हैं। जलवायु परिवर्तन, जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों और पर्यावरण के क्षरण की चुनौतियों के लिए न केवल नीतिगत हस्तक्षेप, बल्कि व्यवहार में परिवर्तन भी ज़रुरी है।

इस अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर, आइए हम अपनी प्रतिबद्धता को योग मैट से आगे बढ़ाएं। आइए हम योग को केवल दैनिक अभ्यास के रूप में ही नहीं, बल्कि जीवन शैली के रूप में अपनाएं। एक ऐसी जीवन शैली जो सचेत उपभोग, आंतरिक अनुशासन और पारिस्थितिक जिम्मेदारी को प्रोत्साहित करती है।

आइए हम प्रधानमंत्री के सचेत जीवन जीने के आह्वान पर काम करें और एक ऐसे भविष्य का निर्माण करें, जहां तरक्की और विकास को केवल हमारे उपभोग से नहीं, बल्कि हमारी जिम्मेदारी से जीने के तरीके से मापा जाए।

अपने आंतरिक वातावरण को बदलकर, हम सब मिलकर अपने ग्रह के बाहरी वातावरण को ठीक कर सकते हैं। **लेखक आयुष मंत्रालय में केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री हैं।)**

# पाकुड़ की खबरें

## मारपीट मामले में 6 लोगों पर मामला दर्ज

महेशपुर( पाकुड़ )थाना क्षेत्र के देवीनगर खुरीडीह निवासी चूंडा हेम्ब्रम ने थाना में लिखित शिकायत देकर गांव के 6 नामजद अभियुक्त के खिलाफ मारपीट कर बेटी की कपड़ा फाड़ देने तथा बगीचा से कटहल का फल चोरी कर लेने का मामले को लेकर केस दर्ज कराया है द्य चूंडा हेम्ब्रम ने थाने में दिए लिखित आवेदन पर उल्लेख किया है कि उसके घर के कुछ ही दूरी पर सब्जी का बगान है और उक्त बागान में आने जाने वाले रास्ते को गांव के ही श्रीनाथ हांसदा ,सिलास हांसदा ,गाबरीयल हांसदा, सोरापति हांसदा ,जुलियास हांसदा,सुसाना हांसदा ,ने जबरन लाटी डंडा के बल पर जाने आने वाले रास्ते को बेर का कांटा से घेर दिया एवं पानी वाला पाईप लाईन को काट दिया जबकि कटहल के पेड़ से 50 फल चोरी कर लिया है !उन्होंने बताया कि मना करने पर लाठी डंडा व धार दार हथियार से लैस होकर घर मे घुस कर उसकी बेटी सुनीता हेम्ब्रम को भद्दा भद्दा गाली गलौच करते हुए मारपीट करने लगे तथा तथा बेटी की कॉलर पकड़ कर कपड़ा फाड़ दिया !उन्होंने अपने आवेदन में बताया कि मामले को लेकर जब ग्राम प्रधान के पास बैठक बुलाया गया परंतु उक्त बैठक में सभी लोग अनुपस्थित रहा द्यइधर मामले को लेकर मामला दर्ज कर छानवीन में जुट गई है

## प्रतिभा सम्मान समारोह में बच्चों को किया सम्मानित



संताल एक्सप्रेस संवाददाता हिरणपुर (पाकुड़)।हिरणपुर मॉडल प्लस टू विद्यालय में गुरुवार को प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित लिट्टीपाड़ा विधायक हेमलाल मुर्मू ने इंटर व मेट्रिक की परीक्षा में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त बच्चो को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विधायक के आगमन पर प्रधानाध्यापक रमेश गोस्वामी के नेतृत्व में बच्चो ने परम्परागत रूप से स्वागत किया। कार्यक्रम की शुभारम्भ विधायक ,झामुमो जिला अध्यक्ष अजीजुल इस्लाम , जिला शिक्षा पदाधिकारी अनिता पूर्ति , बीडीओ टुडू दिलीप , सीओ मनोजकुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। जहां विधायक ने इंटर व मेट्रिक परीक्षा में जिले में अव्वल स्थान प्राप्त 10 छात्र छात्राओं को शील्ड व प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया। इसके साथ ही इंटर कला के जिला टॉपर अनीसा नाज , जया कुमारी मेट्रिक व अमन मरांडी को 10 -10 हजार की राशि भी दी गई। वही अन्य सात उत्कृष्ट बच्चो को पांच -पांच हजार की राशि भी देकर पुरस्कृत किया गया। विधायक ने उपस्थित बच्चो को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज की यह कार्यक्रम काफी महत्वपूर्ण व ऐतिहासिक है। जो बच्चे अच्छे नम्बर प्राप्त कर विद्यालय का नाम रौशन किये है , वह बधाई के पात्र है।उन्होंने अपने बचपन की शिक्षा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि काफी कष्ट कर शिक्षा हासिल किए। शिक्षा प्रति निष्ठा , सोच व समर्पण की भावना होना आवश्यक है। तब सफलता से कोई रोक नही सकता। ईश्वर चंद विद्यासागर की जीवनी को उदृत करते हुए कहा कि काफी दयनीय अवस्था मे भी शिक्षा हासिल कर विद्वान बने। जिससे हमें प्रेरणा लेना आवश्यक है। आप सभी तरक्की करें। बीडीओ , सीओ आदि ने भी सम्बोधित कर जानकारी दिया। इस अवसर पर रंजन साहा,बिकास रविदास ,बिकी सहित सभी शिक्षक उपस्थित थे।

## डीईओ ने विद्यालय में समर कैंप का निरीक्षण किया

हिरणपुर (पाकुड़)। जिला शिक्षा पदाधिकारी अनिता पूर्ति ने गुरुवार को हिरणपुर स्थित पीएम मध्य विद्यालय में आकर समर कैंप का निरीक्षण किया। इस दौरान डीईओ ने विद्यालय का भी निरीक्षण किया गया। इस कैम्प में कक्षा छह , सात व आठ के बच्चो द्वारा बनाये गए शर्बत , मुड़ी मिक्सचर , सत्तू की शर्बत , आम पन्ना , नीबू जूस बनाया गया था। जहां डीईओ ने बनाये गए सभी व्यंजनों का सेवन किया। वही कक्षा दी के तिथि दत्ता ने संविधानविद भीमराव अंबेडकर की जीवनी अंग्रेजी में प्रस्तुत किया गया। डीईओ ने सभी बच्चो की उज्ज्वल भविष्य की कामना किया। इस दौरान प्रधानाध्यापक विजय कुमार सिंह , शिक्षिकाएं डोली शील , रीमा शील आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## लिट्टीपाड़ा में सांसद और विधायक ने दर्जनों सड़कों का किया शिलान्यास



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

लिट्टीपाड़ा( पाकुड़ )लिट्टीपाड़ा सांसद विजय हांसदा व विधायक हेमलाल मुर्मू ने गुरुवार को प्रखंड क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत एक दर्जन से ज्यादा जनमन सड़क का शिलान्यास नारियल फोड़ कर व फीता काटकर किया। सर्व प्रथम आरईओ रोड से लब्दाघाटी पहाड़िया टोला में दो किमी सड़क का निर्माण एक करोड़ छीया नवबे लाख की राशि से बनने वाली जन मन सड़क का शिलान्यास किया गया। जिसका निर्माण कार्य एबीसी कंट्रक्शन के द्वारा किया जाएगा। वही इसी संवेदक के द्वारा बड़ा पोखरिया आरईओ रोड से मखनी पहाड़ तक साढ़े तीन किमी जनमन सड़क का

निर्माण तीन करोड़ चोहत्तर लाख की लागत से की जाएगी। जबकि करमाटांड़ पंचायत अंतर्गत करमाटांड़ से कुंभर हंसदा के घर तक, करमाटांड़ पंचायत भवन से करमाटांड़ पहाड़िया टोला तक, बड़ा कचना से नगरा टोला तक कुल ढाई किमी जनमन सड़क का निर्माण एचएनसी कंपनी के द्वारा किया जाएगा। शिलान्यास के दरम्यान सांसद व विधायक ग्रामीणों से मिलकर उनका हाल चाल जाना। मौके पर जिलाध्यक्ष अजीजुल इस्लाम, प्रखंड अध्यक्ष प्रसाद हांसदा, सोलेमान बास्की, तरुण मंडल,रंजन साहा, आरईओ के सहायक अभियंता विजय कुमार सिंह,कनीय अभियंता राकेश कुमार व रवि किशन भी उपस्थित थे।

## अमड़ापाड़ा में चार ग्रामीण सड़कों का शिलान्यास

अमड़ापाड़ा( पाकुड़ )।प्रखंड क्षेत्र के सुदूरवर्ती और आदिम जनजाति बहुल गांवों को मुख्य सड़क मार्ग से जोड़ने की दिशा में गुरुवार को बड़ी पहल की गयी। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएम-जनमन बैच-1) के तहत अमड़ापाड़ा प्रखंड की चार महत्वपूर्ण ग्रामीण सड़कों का शिलान्यास किया गया। राजमहल लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय हांसदा और लिट्टीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक हेमलाल मुर्मू ने संयुक्त रूप से शिलापट्ट का अनावरण कर योजनाओं की आधारशिला रखी।ग्रामीण कार्य विभाग, विशेष कार्य प्रमंडल पाकुड़ की ओर से बनने वाली इन चारों सड़कों के निर्माण पर पांच वर्षों के रखरखाव सहित करीब दस करोड़ रुपये खर्च किये जाएंगे। योजना के तहत निर्माण कार्य पूरा होने के बाद संवेदक द्वारा अगले पांच वर्षों तक सड़क का मेंटेनेंस भी किया जायेगा, ताकि ग्रामीणों को लंबे समय तक बेहतर आवागमन की सुविधा मिल सके।विभागीय जानकारी के अनुसार पालमांडरो से जामकुन्दर भाया पालमांडरो माल तक 2.650 किमी, पकलो से मरियो माल पहाड़ी तक 1.550 किमी, मालीपाड़ा प्रधान टोला से दसगोड़ा तक 4.165 किमी तथा सिजुआ से सिजुआ माल पहाड़िया तक 0.900 किमी सड़क का निर्माण कराया जायेगा। इन सड़कों के बनने से पहाड़िया और दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को आवागमन में काफी सुविधा होगी। शिलान्यास कार्यक्रम में झामुमो जिलाध्यक्ष अजीजुल इस्लाम, युवा जिला सचिव अमित भगत, केंद्रीय समिति सदस्य निशा शबनम हांसदा समेत विभागीय पदाधिकारी और बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

## बकरीद पर्व को लेकर मवेशी हाट में खस्सी की बड़ी मांग



हिरणपुर (पाकुड़)। बकरीद पर्व को लेकर गुरुवार को हिरणपुर स्थित सरकारी मवेशी हाट में खसी की बिक्री में काफी तेजी आई। हाट में चारो ओर काफी संख्या में लोग खसी बेचने के लिए लाया था , वही बाहर के व्यापारियों द्वारा भी बड़ी बड़ी खसी को बाजार में लाया गया था। जहां एक एक खसी की मूल्य 30 से 40 हजार तक बताया जा रहा था , वही लोग खरीदने को लेकर भी आतुर दिखे। हाट के अलावे सड़क किनारे भी लोगो को खसी की खरीद बिक्री करते देखा गया। जिसकारण सड़क की आवागमन में भी लोगो को काफी परेशानी आई। व्यापारियों ने बताया कि वर्षो की भांति इस वर्ष भी बकरीद में बड़ा से बड़ा खसी खरीदने को लेकर होड़ मची हुई है। इस बार अच्छा खासा व्यापार होने की संभावना है।

## क्लस्टर सिस्टम में बदलाव के संकेत विद्यार्थीपरिषद ने जताई अपनी जीत का दवा किया

पाकुड़। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा झारखंड के 24 जिलों में हुए आंदोलन के बाद राज्य सरकार ने क्लस्टर सिस्टम में बदलाव करने का फैसला लिया है। अब जिन कॉलेजों में किसी विषय में पर्याप्त छात्र संख्या होगी, वहां उसकी पढ़ाई बंद नहीं की जाएगी।अभाविप के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सन्नी तिवारी ने इसे छात्र हितों की जीत बताते हुए कहा कि आंदोलन के दबाव में सरकार को फैसला बदलना पड़ा। वहीं जिला जनजातीय प्रमुख चंदन पहाड़िया ने कहा कि जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषाओं को बचाने में यह आंदोलन सफल रहा। परिषद ने छात्र आंदोलन को प्रमुखता से उठाने के लिए प्रेस और मीडिया का भी आभार जताया।

## महिला के साथ मारपीट,केस दर्ज

उधवा- राधानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत उत्तरी सरफराजगंज पंचायत के इंग्लिश गांव में मारपीट का मामला प्रकाश में आया है. मामले को लेकर पीड़ित फारुख शेख ने राधानगर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराया है. जिसमें आरोप लगाया है कि बीते रात्रि को हम सब अपने परिवार के साथ घर में थे. सरवर शेख और रमजान शेख दोनों आपस में लड़ाई झगड़ा करते हुए मेरे दरवाजे के पास आ गया.

## पाकुड़ बीजीआर कोल माइंस से 50 लाख रंगदारी मांगने मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

संताल एक्सप्रेस पाकुड़। जिले के अमड़ापाड़ा थाना क्षेत्र में बीजीआर कोल माइंस कंपनी से 50 लाख रुपये रंगदारी मांगने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई एसपी के निर्देश पर गठित एसआईटी टीम ने किया।घटना बीते 14 मई की रात बीजीआर कोल माइंस कंपनी साइट पर हुई थी। अपने कार्यालय कक्ष में गुरुवार को एसपी अनुदिप सिंह ने प्रेस वार्ता कर बताया कि बीजीआर कोल माइंस कंपनी द्वारा बड़दाहा गांव के पास सड़क,नाला एवं पुल निर्माण कर रही थी। तभी 14 मई की रात दो नकाबपोश अज्ञयात व्यक्ति ने कार्य मे तैनात कर्मियों को लाल रंग से लिखा पर्चा दिया था। पर्चे में भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी एवं टीपीसी के नाम पर 50 लाख रुपये रंगदारी की मांग की गई थी।इस मामले में कंपनी के पदाधिकारी ने अमड़ापाड़ा थाना में आवेदन देख कर कांड संख्या 34/26 दर्ज किया गया था। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए महेशपुर एसडीपीओ विजय कुमार के नेतृत्व मे एक छापेमारी टीम का गठन किया। टीम ने कई पहलुओ से जांच की और तकनीक सूचना के आधार पर अमड़ापाड़ा थाना क्षेत्र के बड़दाहा निवासी चांद हांसदा उर्फ चुटरोय हांसदा और पचुवाड़ा निवासी चानुस सोरेन को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान दोनों अभियुक्त ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर लिया। एसपी ने बताया कि उनके आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटाई जा रही है। दोनों अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। छापेमारी टीम में अमड़ापाड़ा थाना प्रभारी अनूप रोशन भेंगरा, एसआई चंदन कुमार सिंह, पप्पू कुमार, एएसआई अमित कुमार राय आदि पुलिस बल शामिल थे।

## कुमार गौरव ने संभाला पाकुड़ एसडीपीओ का पदभार

संताल एक्सप्रेस संवाददातापाकुड़। जिले के नए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) कुमार गौरव ने बुधवार को विधिवत अपना पदभार ग्रहण कर लिया। उन्होंने पाकुड़ के 18वें एसडीपीओ के रूप में दयानन्द आज़ाद से कार्यभार संभाला।पदभार संभालते ही कुमार गौरव ने अपराधियों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाने का संकेत देते हुए कहा कि जिले में अपराध नियंत्रण को लेकर जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि चोरी, अवैध कारोबार एवं असामाजिक गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी तथा किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि आम जनता की सुरक्षा पुलिस की पहली प्राथमिकता होगी। साथ ही सड़क दुर्घटनाओं पर चिंता जताते हुए कहा कि दुर्घटनाओं को रोकने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराने, हेलमेट जांच, ओवरलोडिंग रोकने एवं जागरूकता अभियान को तेज किया जाएगा।

## पिस्टल दिखाकर हत्या के प्रयास मामले में दो गिरफ्तार

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

पाकुड़। जिले के हिरणपुर थाना क्षेत्र में पिस्टल दिखाकर जान मारने की नीयत से हमला करने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से एक देशी पिस्टल और एक जिंदा गोली बरामद की गई है।

पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि 19 मई 2026 को गोपालपुर निवासी कपिलदेव मंडल के साथ मारपीट, गाली-गलौज एवं हथियार दिखाकर हत्या का प्रयास किया गया था। मामले को लेकर हिरणपुर थाना कांड संख्या-27/26 दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी हुई थी।एसडीपीओ डीएन आजाद के नेतृत्व में गठित विशेष छापामारी दल ने तकनीकी अनुसंधान एवं गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी संदीप मंडल को गिरफ्तार किया। उसकी निशानदेही पर गोपालपुर स्थित उसके घर से दर्शन मंडल को भी दबोच लिया गया। तलाशी के दौरान उसके पास से सिक्सर रंग का एक देशी पिस्टल और एक जिंदा गोली बरामद की गई।पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी दर्शन मंडल के खिलाफ झारखंड और पश्चिम बंगाल के करीब 13 थानों में आर्म्स एक्ट, मारपीट एवं अन्य गंभीर धाराओं के कई मामले दर्ज हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। छापेमारी दल में हिरणपुर थाना प्रभारी विनय कुमार, एसआई अमरजीत कुमार मिश्रा, जेना बालमुचू आदि पुलिस शामिल थे।

## पेयजल विभाग कार्यालय चोरी कांड का खुलासा, कॉपर केबल के साथ आरोपी गिरफ्तार

संताल एक्सप्रेस संवाददातापाकुड़। नगर थाना क्षेत्र स्थित पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल कार्यालय में 20 मई 2026 को हुई चोरी की घटना का पुलिस ने त्वरित खुलासा करते हुए 50 फीट कॉपर केबल एवं तार काटने में प्रयुक्त चाकू के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।मामले को लेकर कार्यपालक अभियंता अनंत प्रसाद ने नगर थाना में लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आवेदन के आधार पर नगर थाना कांड संख्या-111/26 दर्ज किया गया। इसके बाद पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दयानन्द आज़ाद के नेतृत्व में विशेष जांच दल (स्ढ्ढञ्ज) का गठन किया गया। विशेष टीम ने तकनीकी एवं मानवीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए हबीब शेख उर्फ हाबील शेख उर्फ सूरज शेख (22 वर्ष) को गिरफ्तार किया। आरोपी नया बल्लभपुर, थाना नगर, जिला पाकुड़ का निवासी है। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ नगर थाना, मुफ्फसिल थाना तथा आरपीएफ पोस्ट पाकुड़ में पूर्व से भी कई मामले दर्ज हैं। आरोपी की निशानदेही पर चोरी किया गया कॉपर केबल तथा तार काटने में प्रयुक्त एक चाकू बरामद किया गया।छापामारी दल में नगर थाना प्रभारी अनिल कुमार गुप्ता, पुलिस पदाधिकारी आशीष कुमार राम, सविता कुमारी एवं नगर थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

**कोलकाता-नंगल डैम-कोलकाता गुरुमुखी सुपरफॉस्ट एक्सप्रेस टेऊन अम्ब अनदौरा हा़बिच् बाड़तीय सांगारा**

सांगाड़िया़कोवाक् सुबिसता ला़गित् ते **12325/12326 कोलकाता-नंगल डैम-कोलकाता गुरुमुखी सुररफॉस्ट एक्सप्रेस** टेऊन रेयाक् सांगार दो़ **अम्ब अल्दौरा** हा़बिच्को बाड़हावा। 12325 कोलकाता-नंगल डैम गुरुमुखी सुपरफॉस्ट एक्सप्रेस **ता़रीक 11.06.2026 (जेसीओ) खो़न 12325 कोलकाता-अम्ब अन्दौरा गुरुमुखी सुपरफॉस्ट एक्सप्रेस रूप रे अम्ब अन्दौरा हा़बिच् चालाक्आ आर 12326 नंगल डैम- कोलकाता गुरूमुखी सुपरफॉस्ट एक्सप्रेस ता़रीक 06.06.2026 (जेसीओ) खो़न अम्ब अन्दौरा खो़न 12326 अम्ब अन्दौरा-कोलकाता गुरूमुखी सुपरउफॉस्ट एक्सप्रेस** रूप रे चालाक्आ। नंगल डैम आर अम्ब अन्दौरा स्टेशनको ताला रे बाड़हावाकात् हिंस रेयाक् सो़मो़यटेवान जुदा-जुदा मेनाक्आः-

| कोलकाता-अम्ब अन्दौरा [11.06.2026 (जेसीओ) (से प्रभावी] | | 12325 12326 स्टेशन | अम्ब अन्दौरा-कोलकाता [06.06.2026 (जेसीओ) से प्रभावी] | |
|---|---|---|---|---|
| सेटेरो़क्आ | लाड़ाक्आ | | सेटेरो़क्आ | लाड़ाक्आ |
| - | 07.40 | ↓ कोलकाता | 14.50 | - |
| कोलकाता आर नंगल डैम ताला रे सो़मो़यटेवान रे जाहांन फेरबो़दो़ल दो़ बाङ होय आकाना | | | | |
| 16.05 | 16.15 | नंगल डैम | 06.58 | 07.00 |
| 16.35 | 16.40 | ऊना हिमाचल | 06.38 | 06.43 |
| 17.10 | - | अम्ब अन्दौरा ↑ | - | 06.10 |

मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक

पूर्व रेलवे

नो़ड़े पांजालेपेः @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# देवघर में साइबर ठगी गिरोह पर कार्रवाई, दो अपराधी गिरफ्तार

## फर्जी कस्टमर केयर और बैंक अधिकारी बनकर लोगों से कर रहे थे ऑनलाइन ठगी



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** एसपी प्रवीण पुष्कर के निर्देश पर जिले में साइबर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक बड़ी कार्रवाई की गई है। वरीय पुलिस उपाधीक्षक राजा कुमार मित्रा के मार्गदर्शन में 20 मई 2026 को दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में सक्रिय एक ऑनलाइन ठगी गिरोह का खुलासा हुआ है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि देवघर जिले में कुछ संदिग्ध व्यक्ति स्वयं को फ्लिपकार्ट, अमेज़न के कस्टमर केयर प्रतिनिधि, एयरटेल पेमेंट बैंक के अधिकारी तथा गूगल पे और फोनपे से जुड़े कस्टमर केयर कर्मी बताकर लोगों से ठगी कर रहे हैं। इसके अलावा पीएम किसान योजना और लोन दिलाने के नाम पर भी फर्जी मोबाइल नंबरों का इस्तेमाल कर लोगों को झांसे में लेकर ऑनलाइन धोखाधड़ी की जा रही थी। सूचना की पुष्टि के बाद पुलिस ने त्वरित छपेमारी अभियान चलाया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया। प्रारंभिक जांच में उनके पास से बरामद मोबाइल फोन और सिम कार्ड से साइबर ठगी में उनकी संलिप्तता की पुष्टि हुई है।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार आरोपी फर्जी पहचान बनाकर लोगों को कैशबैक और रिफंड का लालच देते थे और गिफ्ट कार्ड के माध्यम से ठगी की वारदात को अंजाम देते थे। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान मोहन दास, उम्र 32 वर्ष, पिता बिशन दास, निवासी बरगुनिया, थाना देवीपुर, जिला देवघर तथा सूरज कुमार यादव, उम्र 24 वर्ष, पिता दनरबाद, थाना चितरा, जिला देवघर के रूप में की गई है। पुलिस ने बताया कि दोनों के खिलाफ कोई आपराधिक इतिहास अब तक सामने नहीं आया है। जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी गूगल पे, फोनपे, पेटीएम और आईआरसीटीसी के नाम पर फर्जी कॉल कर उपभोक्ताओं को कैशबैक का झांसा देते थे और फोनपे गिफ्ट कार्ड बनवाकर उसे रिडीम कर धोखाधड़ी करते थे।

इसके अलावा एयरटेल पेमेंट बैंक के नाम पर खाता बंद होने और पुनः चालू कराने के बहाने लोगों से ठगी की जाती थी। बरामद सामान में तीन मोबाइल फोन, चार सिम कार्ड तथा एक प्रतिबिंबित सिम शामिल है। इस कार्रवाई में साइबर थाना देवघर के पुलिस निरीक्षक अमर कुमार राम सहित सारवां, देवीपुर और चितरा थाना की पुलिस टीम सक्रिय रूप से शामिल रही। पुलिस अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान में जुटी है।

# दत्ता चैरिटेबल ट्रस्ट की जमीन और भवन की नगर परिषद ने कराई मापी, 13 वर्षों का टैक्स बकाया



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**मधुपुर ।** चर्चित एवं ऐतिहासिक दत्ता चैरिटेबल ट्रस्ट की अरबों रुपये मूल्य की जमीन और भवन को लेकर विवाद लगातार गहराता जा रहा है। नगर परिषद प्रशासन ने ट्रस्ट की इस संपत्ति, होल्डिंग नंबर 105 की मापी कराई है। जानकारी के अनुसार, ट्रस्ट की ओर से पिछले 13 वर्षों से नगर परिषद को होल्डिंग टैक्स का भुगतान नहीं किया गया है। इसके अलावा, वर्ष 2016 के बाद से भवन का नया मूल्यांकन (न्यू एसेसमेंट) या पुनर्मूल्यांकन (री-एसेसमेंट) भी नहीं कराया गया है, जिसके कारण नगर परिषद का लाखों रुपये का टैक्स बकाया है। नगर परिषद कर्मियों के मुताबिक, बकाया टैक्स निर्धारण, रेंट फिक्सेशन और भवन संबंधी दस्तावेजों के सत्यापन के उद्देश्य से यह मापी कराई गई है। वर्तमान में इस भवन में रेड क्रॉस सोसायटी का कार्यालय संचालित हो रहा है।

गौरतलब है कि बीते दिनों बुलाहट नामक संस्था के डायरेक्टर ने दत्ता चैरिटेबल ट्रस्ट पर अपने संरक्षण का दावा करते हुए इसके कार्यालय में ताला जड़ दिया है, जिसके बाद यह विवाद और बढ़ गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए मधुपुर अनुमंडल पदाधिकारी के निर्देश पर अंचल अधिकारी यामुन रविदास और नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सुरेन्द्र किस्कु ने दोनों पक्षों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों की जांच की। जांच के दौरान कई कागजात संदिग्ध पाए गए हैं। प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि पूरे मामले की गहन जांच की जा रही है और नगर परिषद के बकाया राजस्व की वसूली के लिए आगे की आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# देवघर में बंद घर से चोरी का खुलासा, तीन गिरफ्तार

## नगर थाना पुलिस की त्वरित कार्रवाई में एलईडी टीवी, इन्वर्टर और अन्य सामान बरामद



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर।** नगर थाना क्षेत्र के पोखनाटिल्हा कैलाशपुरी मोहल्ले में बंद घर से हुई चोरी की घटना का पुलिस ने खुलासा कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है और चोरी गए सामान की बरामदगी भी कर ली है। यह मामला नगर थाना कांड संख्या 134/26, दिनांक 28 मार्च 2026 से संबंधित है। जानकारी के अनुसार, 26 मार्च 2026 की रात मुन्ना मिश्रा के बंद घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने एलईडी टीवी, इन्वर्टर, बैटरी और अन्य घरेलू सामान की चोरी कर ली थी। घटना के बाद नगर थाना में मामला दर्ज किया गया था। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित विशेष टीम ने तकनीकी जांच, मानवीय सूचना और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच को आगे बढ़ाया और पूरे मामले का उद्भेदन कर लिया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। उनकी निशानदेही पर चोरी गया सामान भी बरामद किया गया। बरामद सामान में लाल रंग का लहंगा, मेट्रोन कंपनी का नीला ट्रॉली बैग, फिलिप्स कंपनी का कॉफी मशीन, रियलमी कंपनी का 32 इंच एलईडी टीवी, एसएफ सोनी कंपनी का इन्वर्टर, वेक्साइड बैटरी और हरे रंग का ट्रॉली बैग शामिल है।

पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे दिन में बंद घरों की रेकी करते थे और रात के समय मौका देखकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। चोरी का सामान वे निजी उपयोग और अन्य जरूरतों के लिए रखते थे। गिरफ्तार आरोपियों में सलोनाटांड़ निवासी कृष कुमार उम्र 19 वर्ष, ताराबाद कुसुमडीह और वर्तमान में खपरोडीह निवासी भविष्य कुमार उर्फ छोटू उम्र 24 वर्ष तथा खपरोडीह इंजीनियर कॉलोनी निवासी आयुष कुमार झा उम्र 18 वर्ष शामिल हैं। इस कार्रवाई में नगर थाना प्रभारी मुकेश कुमार, अनुसंधानकर्ता सुमंत प्रसाद, घनश्याम गंझू, सूरज कुमार, अरुण दत्त शर्मा सहित नगर थाना रिजर्व गार्ड की भूमिका अहम रही।

# पॉलिटेक्निक मे सीटों की बड़ी बढ़ोतरी, तीन नए वर्किंग प्रोफेशनल कोर्स को भी मिली मंजूरी

## 95 प्रतिशत से अधिक प्लेसमेंट का दावा, साइबर जागरूकता कार्यक्रमों पर भी रहेगा जोर




**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**मधुपुर ।** पॉलिटेक्निक मधुपुर में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कॉलेज प्राचार्य जयप्रकाश केसरी ने पॉलिटेक्निक कॉलेज की उपलब्धियों, नए कोर्सों की स्वीकृति, बढ़ी हुई सीटों, प्लेसमेंट और छात्र-हित से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। प्रेस वार्ता का मुख्य उद्देश्य संस्थान में विभिन्न शाखाओं की सीट बढ़ोतरी और नए वर्किंग प्रोफेशनल कोर्सों को मिली मंजूरी की जानकारी देना था। कॉलेज प्राचार्य जयप्रकाश केसरी ने बताया कि पहले रेगुलर कोर्स में प्रत्येक ब्रांच में 60 सीटें थीं, जिसे अब बढ़ाकर 90-90 कर दिया गया है। इसमें सिविल इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग शामिल हैं। इसके अलावा वर्किंग प्रोफेशनल के लिए भी तीन नए कोर्सों को मंजूरी मिली है, जिनमें इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग और माइनिंग इंजीनियरिंग में 30-30 अतिरिक्त सीटें स्वीकृत की गई हैं। वहीं पीसीए और पीपीए कोर्स में पूर्व की तरह 60-60 सीटें बरकरार रहेंगी। कॉलेज प्रबंधन ने दावा किया कि पिछले वर्ष संस्थान का प्लेसमेंट रिकॉर्ड 95 प्रतिशत से अधिक रहा।कई छात्रों को दो-दो और तीन-तीन कंपनियों से नौकरी के अवसर प्राप्त हुए। बताया गया कि सेकेंड ईयर के लगभग 70 छात्रों को भी कंपनियों में अवसर मिला है। विशेष रूप से मदरसन ग्रुप में कॉलेज के छात्रों का चयन हुआ है। प्रबंधन के अनुसार कंपनी प्रतिनिधियों ने छात्रों की मेहनत और कार्यक्षमता की सराहना भी की।

संस्थान ने इस वर्ष छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए हर महीने कॉलेज स्तर पर प्रतियोगिता आयोजित करने का निर्णय लिया है। जनवरी से इसकी शुरुआत हो चुकी है और अब तक चार से पांच कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं। आगामी जून माह में भी प्रतियोगिता का आयोजन होगा।

कॉलेज में छात्रों को जागरूक करने के उद्देश्य से 26 जून को साइबर सुरक्षा विषय पर विशेष सेमिनार आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में स्थानीय पुलिस प्रशासन और तकनीकी विशेषज्ञ भी शामिल होंगे। सेमिनार में छात्रों को साइबर फ्रॉड, ऑनलाइन ठगी और डिजिटल सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी जाएंगी।

साथ ही यह भी बताया जाएगा कि साइबर अपराधों से कैसे बचाव किया जाए। इसके पूर्व कॉलेज में नशा मुक्ति अभियान के तहत भी कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं। जनवरी से अब तक दो सेमिनार हो चुके हैं तथा जून में एक और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की तैयारी है। कॉलेज प्रबंधन का कहना है कि इन गतिविधियों का उद्देश्य छात्रों का बेहतर भविष्य निर्माण और संस्थान का समग्र विकास करना है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में छात्रवृत्ति योजनाओं की भी जानकारी दी गई। बताया गया कि ई-कल्याण योजना के तहत पहले छात्रों को 18 हजार रुपये मिलते थे, जिसे अब बढ़ाकर 30 हजार रुपये कर दिया गया है। एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग के कई छात्रों को इसका लाभ मिलना शुरू हो गया है। वहीं पीसीए और पीपीए के छात्रों को अब 45 हजार रुपये तक की छात्रवृत्ति मिलेगी, जो पहले 30 हजार रुपये थी।

इसके अलावा राज्य सरकार द्वारा छात्राओं के लिए शुरू की गई नई छात्रवृत्ति योजना ÷मुख्यमंत्री मोटा÷ के तहत लगभग 15 हजार रुपये की सहायता राशि मिलने की संभावना जताई गई। साथ ही अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन द्वारा भी छात्राओं को 15 हजार रुपये की निजी छात्रवृत्ति उपलब्ध कराई जाएगी। मौके पर उप प्राचार्य मुकुल साहा,एचओडी शाहनवाज अंसारी, साहिल रेहान, जितेंद्र राणा, चक्रधर महतो, लाइब्रेरियन रवि कुमार, रवि पांडे आदि उपस्थित थे।

## विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे : डीसी




**देवघर।** समाहरणालय सभागार में गुरुवार को डीसी की अध्यक्षता में अंतर्विभागीय समन्वय समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिले में चल रही विभिन्न विकास योजनाओं और सरकारी कार्यक्रमों की बिंदुवार समीक्षा की गई। डीसी ने सभी विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि जिला, प्रखंड और पंचायत स्तर पर आपसी समन्वय स्थापित कर कार्यों को गति दी जाए, ताकि सभी योजनाएं निर्धारित समय सीमा के भीतर और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरी हो सकें। बैठक के दौरान डीसी ने निर्माण कार्यों की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित कार्यपालक अभियंताओं को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अब किसी भी प्रकार की लापरवाही या विलंब स्वीकार्य नहीं होगा। सभी विभागों को अपने-अपने लंबित कार्यों की नियमित समीक्षा करते हुए उन्हें तेजी से पूर्ण करना होगा। उन्होंने विशेष रूप से स्वास्थ्य, शिक्षा, समाज कल्याण, कृषि, ग्रामीण कार्य और अन्य विभागों की योजनाओं की प्रगति पर कड़ी नजर रखने का निर्देश दिया। स्वच्छता व्यवस्था की समीक्षा करते हुए डीसी ने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में ठोस कचरा प्रबंधन की प्रभावी योजना तैयार करने को कहा।

## रोजगार शिविर में आठ युवाओं को मिला ऑफर लेटर



**देवघर।** झारखंड सरकार के श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के तत्वावधान में गुरुवार को जिला नियोजनालय, देवघर द्वारा एक दिवसीय भर्ती शिविर का आयोजन किया गया। सूचना भवन परिसर में आयोजित इस शिविर में जिले के स्थानीय युवक-युवतियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। भर्ती शिविर में निजी क्षेत्र की दो कंपनियों ने हिस्सा लिया, जिनमें एमपी माइनिंग एंड एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड, जसीडीह तथा भारत फाइनेंशियल इंक्लूजन लिमिटेड शामिल थीं। शिविर में कुल 65 युवक-युवतियों ने रोजगार के लिए आवेदन दिया। कंपनियों द्वारा विभिन्न चरणों में अभ्यर्थियों का चयन किया गया, जिसमें 11 युवक-युवतियों को शॉर्टलिस्ट किया गया। इनमें से अंतिम रूप से आठ अभ्यर्थियों को ऑनस्पॉट ऑफर लेटर प्रदान किया गया। चयनित अभ्यर्थियों को हेल्पर, लोन ऑफिसर सहित अन्य पदों पर रोजगार का अवसर मिला। जिला नियोजनालय की ओर से बताया गया कि स्थानीय युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आगे भी जिले में लगातार रोजगार मेला और भर्ती शिविर आयोजित किए जाएंगे, ताकि युवाओं को निजी क्षेत्र में बेहतर अवसर मिल सके।

## अनाधिकृत यात्रियों से वसूला गया जुर्माना



**मधुपुर ।** रेल यात्रियों की सुरक्षा और रेल नियमों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गुरुवार को मधुपुर रेलवे स्टेशन पर रेलवे मजिस्ट्रेट विवेक राज के नेतृत्व में विशेष जांच अभियान चलाया गया।अभियान के दौरान विभिन्न ट्रेनों जैसे गिरिडीह मधुपुर सवारी गाड़ी, आसनसोल झाझा मेमो सवारी गाड़ी, हाटिया पाटली पुत्र एक्सप्रेस धनबाद पटना इंटरसिटी एक्सप्रेस के महिला, दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिक कोचों की गहन जांच की गई, जिसमें कई यात्री नियमों का उल्लंघन करते पाए गए।जांच के दौरान महिला कोच में पुरुष यात्रियों के सफर करने तथा दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिकों के लिए आरक्षित डिब्बों में अनधिकृत रूप से यात्रा कर रहे 76 रेल यात्रियों को पकड़ा गया। रेलवे अधिकारियों ने ऐसे यात्रियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उन्हें रेलवे मजिस्ट्रेट के न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां नियमों के अनुसार जुर्माना वसूला गया। रेलवे मजिस्ट्रेट विवेक राज ने कहा कि महिला, दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए आरक्षित कोचों का उद्देश्य इन वर्गों के यात्रियों को सुरक्षित एवं सुविधाजनक यात्रा उपलब्ध कराना है। ऐसे में अनधिकृत रूप से इन डिब्बों में यात्रा करना रेलवे अधिनियम का उल्लंघन है। उन्होंने यात्रियों से अपील करते हुए कहा कि महिला कोच में पुरुष यात्री यात्रा न करें तथा दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिक कोचों का उपयोग केवल पात्र यात्री ही करें। अभियान के दौरान पकड़े गए यात्रियों को भविष्य में नियमों का पालन करने की चेतावनी भी दी गई।

## राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर इंटक और महिला कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर बुधवार को देवघर जिला इंटक एवं देवघर जिला महिला कांग्रेस की ओर से संथाली जसीडीह वार्ड संख्या-1 स्थित अंबेडकर मोहल्ला में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान उनके चित्र पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा मोहल्लावासियों के बीच फल वितरण किया गया। कार्यक्रम में देवघर जिला इंटक के जिला अध्यक्ष अनंत मिश्रा, झारखंड प्रदेश इंटक के प्रदेश सचिव अजय कुमार, देवघर जिला महिला कांग्रेस की अध्यक्ष प्रमिला देवी, देवघर जिला कांग्रेस अनुसूचित विभाग के जिला अध्यक्ष नित्यानंद सेवक एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता मणिकांत यादव सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर प्रदेश सचिव अजय कुमार ने कहा कि स्वर्गीय राजीव गांधी ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और नैतिक मूल्यों के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। उनके बताए आदर्श आज भी प्रासंगिक हैं और उनके सपनों के नए भारत के निर्माण के लिए सभी को एकजुट होकर कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम में संतोष हरि, संजय हरि, आरती देवी, कमल बाबा, मुकेश, फिरोज, बिहारी हरि, श्रवण कुमार, गौरव हरि, प्राची कुमारी, टुनटुन हरि, समा देवी, शोभा देवी, रामबाबू राहुल, धीरज, लक्ष्मी देवी, मनिया देवी, चंदन, पंकज, प्रदीप, सिकंदर, जानी, विशाल सहित कई मोहल्लावासी मौजूद थे।

## पीवीटीजी परिवारों के लिए लगा जागरूकता शिविर



**देवघर।** डीसी शशि प्रकाश सिंह के निर्देश पर सारठ प्रखंड में पीवीटीजी परिवारों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से गुरुवार को वृहद बेनिफिसियरी सिचुएशन कैंप का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रखंड विकास पदाधिकारी की देखरेख में धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत आयोजित हुआ। अभियान के अंतर्गत अराजौरी पंचायत के महतवा, सारठ पंचायत के रानीगंज, केंचुआ बाक पंचायत के लोधरा तथा जमुआसोल पंचायत के गोपाल रायडू, जमुआसोल, कुरुमटांड़, चकनाबादी और जमुनियाटांड़ गांव में शिविर लगाए गए। शिविर में जनजातीय और आदिवासी परिवारों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई और पात्र लाभुकों को योजनाओं से जोड़ने की प्रक्रिया शुरू की गई। प्रखंड कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य ऐसे परिवारों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है, जो अब तक वंचित हैं। शिविर में आधार कार्ड, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, आयुष्मान कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम जनधन योजना, विधवा पेंशन, पीएम सुरक्षा बीमा योजना, पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना और पीएम उज्ज्वला योजना से संबंधित कार्य किए गए। उन्होंने कहा कि हर योग्य व्यक्ति का आवश्यक प्रमाण पत्र और दस्तावेज तैयार कराया जा रहा है, ताकि भविष्य में उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ आसानी से मिल सके। कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधियों, वार्ड सदस्यों और विभिन्न विभागों के अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी रही।

## सौरभ ट्रैडर्स में नए जियो स्टोर का उद्घाटन



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** शहर के जटाही मोड़ स्थित सौरभ ट्रैडर्स में नए जियो स्टोर का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक सुरेश पासवान, विशिष्ट अतिथि रीता चौरसिया एवं जियो के जेसीएम प्रभात सिंह द्वारा फीता काटकर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विधायक सुरेश पासवान ने कहा कि देवघर में जियो स्टोर खुलने से स्थानीय लोगों की लंबे समय से चली आ रही परेशानी समाप्त होगी। उन्होंने कहा कि अब जियो उपभोक्ताओं को सिम कार्ड और अन्य डिजिटल सेवाओं के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा। प्रो. सौरभ स्नेह ने बताया कि पिछले लगभग एक वर्ष से देवघर में जियो स्टोर बंद रहने के कारण ग्राहकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। लेकिन अब नए स्टोर के खुलने से देवघर और आसपास के जियो यूजर्स को सभी आवश्यक सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगी।

**सूचना**

श्री चमन तुलस्यान के नाम से साहेबगंज जिला-अन्तर्गत मंडरो प्रखंड के मौजा जोकमरी खाता संख्या 45, 52 एवं 09 प्लॉट संख्या, 85, 86 एवं 88 रकवा 7.70 एकड़ क्षेत्र पर साधारण पत्थर उत्खनन हेतु पर्यावरण सहमति न. letter No. EC/SEIAA/2015-16/1144/2015/1751 दिनांक 26/10/2015 को प्राप्त हुआ।

**श्री चमन तुलस्यान**
**चमन तुलस्यान**
**प्रोपराइटर**

**सूचना**

मेसर्स सी0 टी0 एस0 इण्डस्ट्रीज लिमिटेड के नाम से साहेबगंज जिलअन्तर्गत मंडरो प्रखंड के मौजा जोकमरी खाता न. 81 एवं 13 प्लॉट न0 56,70 एवं 58 रकवा 10.00 एकड़ क्षेत्र पर साधारण पत्थर उत्खनन हेतु पर्यावरण सहमति न.- letter No- EC/SEIAA/2015-16/505/2014/1215 दिनांक 07/08/15 को प्राप्त हुआ।

**मेसर्स सीटीएस इण्डस्ट्रीज लिमिटेड**
**अशोक कुमार तुलस्यान**
**निदेशक**

## चित्रा कोलयरी विस्थापितों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का डीसी ने दिया निर्देश



**देवघर।** समाहरणालय कक्ष में गुरुवार को चित्रा कोलयरी के विस्थापित परिवारों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा पुनर्वास से जुड़े मामलों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता डीसी सह जिला दंडाधिकारी शशि प्रकाश सिंह ने की। इस दौरान विस्थापितों के पुनर्वास, आवासीय स्थिति और आवश्यक सुविधाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में डीसी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि जिन विस्थापित परिवारों को अब तक किसी प्रकार का लाभ नहीं मिला है या जो अब तक पुनर्वासित नहीं हो पाए हैं, उनकी पूरी और स्पष्ट सूची तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि सूची के आधार पर आगे की कार्रवाई तेजी से सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी पात्र परिवार को सुविधा से वंचित न रहना पड़े। इसके साथ ही आसपास के क्षेत्रों में पेयजल समस्या पर गंभीरता से चर्चा की गई। डीसी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिन क्षेत्रों में अभी तक पाइपलाइन की सुविधा नहीं पहुंची है, वहां तत्काल प्रभाव से टैंकर के माध्यम से नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि गर्मी और आवश्यकता को देखते हुए जल आपूर्ति में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

## राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस ने किया सदर अस्पताल में फल व पानी का वितरण



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 35वीं पुण्यतिथि के अवसर पर देवघर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धांजलि सह शांतिसभा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजेंद्र दास ने की। इस दौरान कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया तथा दो मिनट का मौन रखकर उनकी स्मृति को नमन किया। कार्यक्रम के बाद सदर अस्पताल देवघर में मरीजों एवं जरूरतमंदों के बीच फल और पानी का वितरण किया गया। मौके पर रविंद्र नाथ मिश्रा, अशोक प्रसाद राय, मुकुंद दास, अमरेंद्र कुमार सोना, रवि केसरी, डॉ. अनूप सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## क्रिकेट टूर्नामेंट में बादशाह XI और विरांश स्टाइलिश XI के बीच होगा खिताबी मुकाबला



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** देवघर के के.के.एन स्टेडियम में खेले जा रहे स्वर्गीय बर्धन खवाड़े ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट का रोमांच चरम पर पहुंच गया है। सेमीफाइनल मुकाबलों के बाद टूर्नामेंट को उसके दो फाइनलिस्ट मिल गए हैं। बादशाह XI और विरांश स्टाइलिश XI ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बना ली है। पहले सेमीफाइनल में बादशाह XI ने त्रिकाल XI को 5 विकेट से हराकर फाइनल का टिकट कटाया। पहले बल्लेबाजी करते हुए त्रिकाल XI ने 10 ओवर में 112 रन बनाए, जिसमें लोकनाथ कुमार ने 64 रनों की विस्फोटक पारी खेली। जवाब में बादशाह XI ने 8.1 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। प्रतीक ने 36, अभिषेक ने 34 और कप्तान हेमंत यादव ने 5 गेंदों में नाबाद 19 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई। शानदार गेंदबाजी के लिए वर्मा को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे सेमीफाइनल में विरांश स्टाइलिश XI ने मोहनपुर टाइगर्स को 22 रनों से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम ने 80 रन बनाए। जवाब में मोहनपुर टाइगर्स की पूरी टीम 58 रन पर सिमट गई। इससे पहले क्वार्टर फाइनल में त्रिकाल XI ने राजा कैटरिंग XI को 3 रन से हराया था। अब फाइनल मुकाबले में बादशाह XI की मजबूत बल्लेबाजी और विरांश स्टाइलिश XI की धारदार गेंदबाजी के बीच रोमांचक टक्कर देखने को मिलेगी।

## सारवां स्कूल में फिल्म प्रदर्शन मामले में कार्रवाई डीसी ने प्रभारी प्रधानाध्यापक को पद से हटाया

**देवघर।** सारवां प्रखंड स्थित आदर्श प्लस टू विद्यालय में स्कूल परिसर के भीतर फिल्म और गाने के प्रसारण का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए डीसी शशि प्रकाश सिंह ने तत्काल कार्रवाई करते हुए संबंधित शिक्षक को निलंबित कर दिया, जबकि प्रभारी प्रधानाध्यापक को पद से मुक्त कर दिया गया है। प्रशासन की ओर से जारी आदेश के अनुसार, विद्यालय के स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक किसलय को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि के दौरान उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई भी चलायी जाएगी। वहीं विद्यालय में अनुशासनहीनता, लापरवाही और नियंत्रण में कमी को देखते हुए प्रभारी प्रधानाध्यापक सह स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक अवधेश कुमार ठाकुर को प्रभारी प्रधानाध्यापक के पद से हटा दिया गया है। उनके खिलाफ भी विभागीय कार्रवाई शुरू करने की अनुशंसा की गई है। डीसी ने इस मामले को लेकर जिले के सभी सरकारी अधिकारियों और कर्मियों को सख्त चेतावनी दी है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जिला, प्रखंड और पंचायत स्तर पर किसी भी सरकारी संस्थान में अनुशासनहीनता या कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ऐसे मामलों में संबंधित कर्मियों पर सीधी और कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## जीरो डोज इंप्लीमेंटेशन प्लान को लेकर एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित

उधवा- प्रखंड के चांदशहर पंचायत सचिवालय में गुरुवार को जीरो डोज इंप्लीमेंटेशन प्लान एवं रूटीन इम्यूनाइजेशन कार्यक्रम को लेकर उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गई. कार्यक्रम में पंचायत की सभी सहिया, स्वास्थ्यकर्मी एवं ग्रामीणों ने भाग लिया. कार्यशाला में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने नियमित टीकाकरण के महत्व और बच्चों को समय पर टीका दिलाने के प्रति लोगों को जागरूक किया. इस दौरान अनुमंडलीय समन्वयक विनोद कुमार शर्मा, तन्मय कुमार सिंहा एवं राकेश वर्मा ने गलघोंटू, काली खांसी, टिटनेस, हेपेटाइटिस, हीमोफिलस इन्फ्लुएंजा तथा एचपीवी वैक्सीन समेत विभिन्न टीकों की जानकारी दी. स्वास्थ्यकर्मियों ने बताया कि टीकाकरण बच्चों को कई गंभीर और जानलेवा बीमारियों से बचाने में अहम भूमिका निभाता है.इससे बाल मृत्यु दर में कमी आती है और पूरे समुदाय को रोगों के प्रकोप से सुरक्षा मिलती है. उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे का टीकाकरण कराना उसका अधिकार है और सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर यह सुविधा सुरक्षित, प्रभावी एवं निःशुल्क उपलब्ध है.।

## एनआईसी कार्यालय में आईआएडी/ईडीएआर प्रणाली पर विशेष प्रशिक्षण आयोजित

साहिबगंज-जिला समाहरणालय परिसर स्थित एनआईसी कार्यालय में गुरुवार को आईआएडी/ईडीएआर प्रणाली से संबंधित एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं के मामलों में त्वरित डाटा प्रबंधन, पीड़ितों को शीघ्र मुआवजा उपलब्ध कराना तथा सड़क सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाना था.प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों एवं संबंधित अधिकारियों को विस्तृत इलेक्ट्रॉनिक दुर्घटना रिपोर्ट प्रणाली के माध्यम से सड़क दुर्घटना पीड़ितों को निर्धारित समय सीमा के भीतर मुआवजा दिलाने की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई. साथ ही यह सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया कि सभी सड़क दुर्घटनाओं से संबंधित आंकड़ों की प्रविष्टि आईआएडी/ईडीएआर पोर्टल पर समयबद्ध एवं शत-प्रतिशत रूप से की जाए. ताकि दुर्घटनाओं के विश्लेषण एवं त्वरित कार्रवाई में सुविधा हो सके.प्रशिक्षण सत्र में एल्कोहल ब्रेथ एनालाइजर मशीन के माध्यम से शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों की जांच की वैज्ञानिक एवं विधिसम्मत प्रक्रिया की जानकारी दी गई. इसके अतिरिक्त हीट एंड रन मामलों के प्रभावी प्रबंधन से संबंधित दिशा-निर्देशों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई. ताकि ऐसे मामलों में पीड़ितों को शीघ्र राहत एवं न्याय सुनिश्चित किया जा सके.कार्यक्रम के दौरान नेक नागरिक प्रावधानों पर भी प्रशिक्षण प्रदान किया गया.

## घर से चोरी कर भाग रहे युवक को टोका तो गर्भवती महिला के साथ की मारपीट

उधवा-राधानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत इंग्लिश गांव में एक गर्भवती के साथ मारपीट और घर में घुसकर चोरी करने का मामला सामने आया है. घटना को लेकर पीड़िता ने राधानगर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है.पीड़िता ने आवेदन में आरोप लगाया है कि बीती रात इंग्लिश गांव के फकीर टोला निवासी सोहेल शेख उसके घर में घुसकर 10 हजार रुपये नकद एवं सोने के जेवरात चोरी कर भाग रहा था. महिला ने बताया कि उसने छत से आरोपी को भागते हुए देखा. इसके बाद जब वह आरोपी के घर जाकर चोरी के संबंध में पूछताछ करने लगी तो वहां मौजूद राइफल शेख, फरियात शेख, जाहिद शेख, सामेद उर्फ भोला शेख तथा सोहेल शेख ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी. महिला का आरोप है कि सभी आरोपियों ने उसे जमीन पर पटककर लात-घूंसों से बेरहमी से पीटा. बीच-बचाव करने पहुंचे उसके पति सनवार शेख के साथ भी मारपीट की गई. पीड़िता ने बताया कि वह तीन माह की गर्भवती है और मारपीट में गंभीर रूप से घायल हो गई. जिससे उसके गर्भ में पल रहे बच्चे को भी नुकसान पहुंचा है.

## जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने किया 20 दुकानों की जांच,7 दुकानों से वसूला जुर्माना

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**



साहिबगंज - सिविल सर्जन डॉ रामदेव पासवान के आदेशानुसार राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी एवं सोशल वर्कर के द्वारा बरहरवा प्रखंड के विभिन्न दुकानों में पुलिस बल के सहयोग से सीओटीपीए एक्ट के उल्लंघन से संबंधित छापेमारी कर 20 दुकानों में जांच की गई. इसमें से 7 दुकानों में फाइन किया गया एवं 1700 रुपया अर्थदंड के रूप में जूर्माना वसूला गया.खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत विभिन्न रेस्टोरेंट एवं दुकान, फल की दुकानों में जांच की गई एवं जिनका लाइसेंस नहीं था. उनको सख्त निर्देश दिया गया के जल्द से जल्द अपना एफएसएसएआई खाद्य लाइसेंस बनवा ले.विभिन्न रेस्टोरेंट में साफ सफाई एवं वेज नॉन वेज व्यवस्था हेतु निर्देश दिए.

## मरीजों के बीच किया फल का वितरण



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

साहिबगंज-जिला मुख्यालय स्थित कांग्रेस कार्यालय में गुरुवार को कांग्रेस जिला अध्यक्ष बरकतुल्लाह खान के नेतृत्व मे भारत रत्न भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्व.राजीव गांधी की 35 वीं पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई. कार्यक्रम में कांग्रेसजनों ने आधुनिक भारत के निर्माता को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर देश के विकास में उनके ऐतिहासिक योगदान को याद किया.इस अवसर पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव सह साहिबगंज जिला प्रभारी डॉ मुन्नम संजय मुख्य रूप से उपस्थित रहे.सभी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने स्व.राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया.कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा की समाप्ति के बाद सभी सदर अस्पताल पहुंचे.अस्पताल में भर्ती मरीजों के बीच फल वितरण किया .जिला कांग्रेस अध्यक्ष बरकतुल्लाह खान ने कहा स्व. राजीव गांधी जी ने 21वीं सदी के भारत की नींव रखी.कंप्यूटर क्रांति, पंचायती राज, 18 वर्ष में मताधिकार और दूरसंचार क्रांति उनकी दूरदर्शिता का परिणाम है.

## शव बरामद

बोरियो- बोरियों थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़ा बरमसिया गांव के एक व्यक्ति का सड़ा-गला शव पुलिस ने बरामद किया है. प्राप्त जानकारी के मुताबिक बड़ा बरमसिया गांव निवासी चम्पई मरांडी(45) बीते मंगलवार से लापता था. गुरुवार देर शाम पुलिस को शव मिलने की सूचना मिली. सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में ले लिया. बताया जाता है कि शव सड़ने लगा था. स्थानीय लोगों ने हत्या की आशंका जताई है. ग्रामीणों के मुताबिक हत्या के बाद शव को झाड़ियों में छुपाया गया है.

**पूर्व रेलवे**

**खुला ठिका खोबोर संख्या: 19-एसडीएसटीई-एएसएन-2026-27, तारिक 19.05.2026,** वरिष्ट मंडल अलर्ट आर दूरसंचार अभियंताए पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन-713301 होतेते जुदा-जुदा कामीय लागित् ते ई-ठिका नेवतायेत् काना। **कामी रेयाक् जुतुम**/जायगा: ''आसनसोल मंडल-आसनसोल मंडल रे सिंग्नल दृश्यता रे सुधार आर फायर अलार्म सिस्टम रेयाक् बाड़िच् मॉडयूलको जुत आरोय।'' **ठिका गोनोङ:** रु 58,13,905.56, **बायना टाका:** रु 1,16,300/-, **कामी पुराउ रेयाक् सोमोय:** एलओए जारीय तारीक खोन 12 चान्दो। **ठिका बोंदोक् रेयाक् तारीक आर सोमोय:** माहित 10.06.2026 हिलोक् 15.00 बजे। **वेबसाइट रेयाक् बानाडाय:** http://www.ireps.gov.in/

ASN-102/2026-27

ठिका खोबोर दो वेबसाइट www.er.indian-railways.gov.in/www.ireps.gov.in रे हों बेबोसता आकान

नोंडे पांजालेपे: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# साहिबगंज में आंधी के साथ हुई बारिश, गर्मी से मिली राहत

संताल एक्सप्रेस संवाददाता



साहिबगंज- साहिबगंज जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में गुरुवार को दोपहर 2:45 बजे मौसम ने अचानक करवट ली.आसमान मे काले बाल छा गयी. और तेज आंधी के साथ करीब डेढ़ घंटे तक मूसलाधार बारिश हुई. जिससे लोगो ने भीषण गर्मी से राहत महसूस की. वही हुई बारिश से नगर के कई जगहों पर जल जमाव हो जाने से लोगो को परेशानी का सामना करना पड़ा.वही मौसम में अचानक हुए बदलाव से लोगो को गर्मी से राहत मिली.

## राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

संताल एक्सप्रेस संवाददाता बरहरवा - बरहरवा प्रखंड के सातगाछी पंचायत अंतर्गत चांदना गांव में भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि श्रद्धा, सम्मान व सामाजिक सौहार्द के साथ मनाई गई. आयोजित श्रद्धांजलि सभा में आदिवासी समाज के वरिष्ठ लोग, ग्रामीण, युवा एवं कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे. कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों के बीच उपहार वितरण कर उन्हें सम्मानित किया गया तथा राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई.कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संयुक्त सचिव हीरालाल साहा उपस्थित थे.उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि राजीव गांधी ने देश को आधुनिक भारत की दिशा देने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई. सूचना तकनीक, शिक्षा, पंचायती राज व्यवस्था एवं ग्रामीण विकास को मजबूत करने के लिए उनके द्वारा उठाए गए कदम आज भी देश के विकास की आधारशिला बने हुए हैं.हीरालाल साहा ने कहा कि राजीव गांधी का बलिदान, दूरदर्शी सोच और देश के प्रति समर्पण सदैव देशवासियों के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा. उन्होंने कहा कि राजीव गांधी हमेशा गरीबों, किसानों, आदिवासियों और युवाओं के उत्थान के लिए कार्य करते रहे. उनके नेतृत्व में देश ने आधुनिक तकनीक और विकास की नई दिशा प्राप्त की. सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि आज आवश्यकता है कि राजीव गांधी के विचारों और आदर्शों को गांव-गांव तक पहुंचाया जाए,

## झामुमो ने दी दुर्गा सोरेन को श्रद्धांजलि



संताल एक्सप्रेस संवाददाता बरहेट-झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड कार्यालय बरहेट में गुरुवार को पूर्व विधायक स्वर्गीय दुर्गा सोरेन की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई. कार्यक्रम का आयोजन प्रखंड अध्यक्ष सह प्रमुख बर्नार्ड मरांडी के नेतृत्व में किया गया. जिसमें बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया.इस दौरान कार्यकर्ताओं ने स्वर्गीय दुर्गा सोरेन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा उनके राजनीतिक जीवन, जनसेवा, संगठन के प्रति समर्पण और संघर्षपूर्ण व्यक्तित्व को याद किया. वक्ताओं ने उनके योगदान को प्रेरणादायी बताते हुए उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया.श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए प्रखंड अध्यक्ष बर्नार्ड मरांडी ने कहा कि स्वर्गीय दुर्गा सोरेन भले ही आज हमारे बीच नहीं हैं. लेकिन उनके विचार, संघर्ष और जनहित में किए गए कार्य सदैव लोगों के दिलों में जीवित रहेंगे. उन्होंने कहा कि दुर्गा सोरेन ने समाज और संगठन को नई दिशा देने का कार्य किया था. उनके बताए मार्ग पर चलकर संगठन को और मजबूत बनाने का संकल्प लेना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी.मौके पर प्रखंड सचिव मुजिबुर रहमान, लुखिराम हेंब्रम, सुनिराम हांसदा, जिला परिषद सदस्य जेठा मुर्मू, समदा सोरेन, मोहम्मद अली अंसारी, रेजाउल रहमान, जिसू मरांडी, कौशर अंसारी सहित सभी पंचायतों के अध्यक्ष, सचिव एवं अन्य झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे.

## जनगणना 2027- कोटालपोखर बाजार में मकान सूचीकरण का कार्य जारी

संताल एक्सप्रेस संवाददाता साहिबगंज-भारत की जनगणना 2027 को लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां हो गई हैं.बरहरवा प्रखंड क्षेत्र के कोटालपोखर बाजार में मकान सूचीकरण व मकान की गणना का कार्य किया जा रहा है.जनगणना के प्रथम चरण के तहत् क्षेत्र में घरों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों एवं अन्य भवनों का सर्वेक्षण कर विस्तृत जानकारी एकत्रित की जा रही है. बाजार क्षेत्र संख्या 56 में सुपरवाइजर दिनेश चन्द्र मंडल के नेतृत्व में टीम द्वारा नजरी नक्शा तैयार करने का कार्य किया जा रहा है. टीम में अकबर अली, अमित कुमार मिश्रा, अमित कुमार साह, एम डी इशाक अंसारी, मो. साजिद आलम मंसूरी एवं शंकर कुमार साह सक्रिय रूप से योगदान दे रहे हैं.

## शांति, सौहार्द और सुरक्षा के साथ मनाया जाएगा बकरीद पर्व, डीसी ने दिए निर्देश

संताल एक्सप्रेस संवाददाता



साहिबगंज - जिला समाहरणालय सभागार में डीसी कुमार दूबे की अध्यक्षता में आगामी बकरीद-2026 पर्व के अवसर पर जिले में शांति, सौहार्द एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर एक महत्वपूर्ण समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई. बैठक में जिले के विभिन्न प्रशासनिक पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, नगर निकाय, विद्युत विभाग, पेयजल विभाग, स्वास्थ्य विभाग, अग्निशमन विभाग, परिवहन विभाग, उत्पाद विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे.बैठक का उद्देश्य बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं आपसी भाईचारे के वातावरण में संपन्न कराना था.डीसी ने सभी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा, अफवाह अथवा विधि-व्यवस्था संबंधी समस्या उत्पन्न न हो, इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें.उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क एवं संवेदनशील है तथा पर्व के दौरान नागरिकों की सुरक्षा एवं सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता होगी.बैठक में डीसी ने सर्वप्रथम जिले के सभी थाना क्षेत्रों अंतर्गत नमाज़ अदा किए जाने वाले स्थानों की जानकारी ली. उन्होंने निर्देश दिया कि अनुमंडल पदाधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार भ्रमणशील रहें. अतिसंवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर वहां ड्रोन कैमरा एवं सीसीटीवी कैमरा से विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया गया. कहा कि सभी संबंधित पदाधिकारी स्थानीय जनप्रतिनिधियों, शांति समिति के सदस्यों के साथ नियमित संवाद स्थापित रखें ताकि किसी भी प्रकार की गलतफहमी अथवा विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो.डीसी ने पुलिस प्रशासन को निर्देश देते हुए कहा कि पर्व के दौरान सभी प्रमुख चौक-चौराहों, ईदगाहों, मस्जिदों एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित की जाए.सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार गश्ती अभियान चलाने एवं संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रखने का निर्देश दिया गया.त्योहार के दौरान युवाओं द्वारा बाइक पर खतरनाक एवं अनियंत्रित ड्राइविंग पर पूर्णतः रोक लगाने का निर्देश दिया गया. ऐसे व्यक्तियों को

## स्वर्गीय दुर्गा सोरेन की पुण्यतिथि मनाई गई

मंडरो-मिर्जाचौकी नीमगाछी स्थित विधायक के कार्यालय कक्ष में गुरुवार को स्वर्गीय दुर्गा सोरेन की 17वीं पुण्यतिथि मनाई गई. इस दौरान विधायक धनंजय सोरेन झामुमो जिला अध्यक्ष अरुण सिंह,केंद्रीय समिति सदस्य संजय उर्फ बबलू मिश्रा, प्रखंड अध्यक्ष सुबोध सोरेन ने बारी-बारी से स्वर्गीय दुर्गा सोरेन के तस्वीर पर माल्यार्पण किया एवं मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया. इस संबंध में विधायक धनंजय सोरेन ने कहा कि दुर्गा सोरेन एक कर्मठ जुझारू एवं पारखी जननायक थे. वे सदैव याद किये जाते रहेंगे. वहीं जिला अध्यक्ष अरुण सिंह एवं केन्द्रीय कमेटी सदस्य संजय मिश्रा ने कहा कि दुर्गा सोरेन जी एक अनुभवी राजनेता थे. वे हमलोगों के लिए प्रेरणादायक है. मौके पर अब्दुल जावेद, अंसारी,मनीष गुप्ता सहित झामुमो प्रखंड समिति मंडरो के सभी पंचायत अध्यक्ष सचिव एवं झामुमो के सक्रिय कार्यकर्ता मौजूद थे.

## झामुमो ने मनायी दुर्गा सोरेन की पुण्यतिथि



संताल एक्सप्रेस साहिबगंज - साहिबगंज नगर के कॉलेज रोड स्थित मछुआ सोसाइटी में गुरुवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के नगर अध्यक्ष आदित्य यादव के नेतृत्व में झारखंड के वीर सपूत और झामुमो पार्टी के नेता व जमा विधानसभा के पूर्व विधायक स्वर्गीय दुर्गा सोरेन जी के 19वीं पुण्यतिथि झामुमो के कार्यकर्ताओं ने मनाई.इस दौरान स्वर्गीय दुर्गा सोरेन के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई.मौके पर जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र यादव,कोषाध्यक्ष सुरेश प्रसाद शाह, प्रखंड अध्यक्ष अमरदीप सिंह,आफताब आलम,दीपा देवी,सिद्धीनाथ शर्मा, अभिषेक कुमार,मोहम्मद जमालुद्दीन, सरिता देवी,वारिस अनवर,शाह कमर, सोहेल,मोहम्मद शाहिद,विनोद यादव, विनीत कुमार,बबलू यादव,आलोक ओझा,पिंकू मंडल,विवेक ओझा,सोनू सिंह,अंकित तंबाकूवाला,राहुल जायसवाल,वरुण तंबाकूवाला,हलचल, पीयूष कुमार यादव,रंजीत कुमार दास, सुभाष कुमार,मुकेश दास सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे.

## अवैध मिट्टी लदा ट्रैक्टर जब्त

उधवा-राधानगर थाना क्षेत्र के दियारा इलाकों में गंगा नदी किनारे हो रहे अवैध मिट्टी उत्खनन के खिलाफ प्रशासन ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है. राधानगर पुलिस और उधवा अंचल प्रशासन की संयुक्त टीम ने छापेमारी अभियान चलाकर मिट्टी लदे एक ट्रैक्टर को जब्त किया.मिली जानकारी के अनुसार दियारा क्षेत्रों में गंगा किनारे अवैध रूप से मिट्टी काटे जाने की शिकायत प्रशासन को लगातार मिल रही थी. बताया जाता है कि मिट्टी माफिया बेखौफ होकर जेसीबी मशीन के जरिए बड़े पैमाने पर मिट्टी का उत्खनन कर रहे थे और मिट्टी को ऊंचे दामों में बेच रहे थे.इसके पूर्व में प्रशासनिक कार्रवाई के बावजूद यह धंधा धड़ल्ले से जारी था.इसी सूचना के आधार पर राधानगर पुलिस एवं अंचल प्रशासन ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के उत्तर पलाशगाछी पंचायत स्थित कुटी मोड़ के पास छापेमारी की.इस दौरान मिट्टी लदे एक ट्रैक्टर को जब्त कर थाना लाया गया.

### अंचल अधिकारी का कार्यालय, देवघर

राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम (NSAP) अंतर्गत संचालित सभी केन्द्र एवं राज्य प्रायोजित) पेंशन योजनाओं तथा मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना के लाभार्थियों का सत्यापन निर्धारित है। सत्यापन के लिये आवश्यक दस्तावेज के रूप में **1.** आधार कार्ड की स्वहस्ताक्षरित कॉपी, **2.** बैंक पासबुक की की स्वहस्ताक्षरित कॉपी, **3.** राशन कार्ड की स्वहस्ताक्षरित कॉपी, **4.** वोटर कार्ड की स्वहस्ताक्षरित कॉपी के साथ लाभार्थी को स्वंय उपस्थित होना है।

| क्र० | कैम्प का स्थान | तिथि |
|---|---|---|
| 1 | पुराना नगर निगम कार्यालय, देवघर | 25.05.2026 से 27.05.2026 |
| 2 | के०के० एन० स्टेडियम, देवघर | 28.05.2026 से 30.05.2026 |

PR.NO.380354 Deoghar(26-27):D — अंचल अधिकारी, देवघर।

### कार्यालय, उपायुक्त -सह- जिला दण्डाधिकारी, दुमका (झारखण्ड) (जनसम्पर्क शाखा)

ISO 9001:2015 Certified E-mail - iprddumka@rediffmail.com

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

राजकीय श्रावणी मेला महोत्सव, बासुकिनाथ धाम 2026 एवं अन्य अवसरों में प्रदर्शनी शिविर, कलामंच सह आवासन केन्द्र, सूचना सहायता सह आवासन केन्द्र, मीडिया सेन्टर आदि के लिए पंडाल, कुर्सी जेनरेटर तथा अन्य सामग्री, के किराये का दर निर्धारण हेतु मुहरबन्द निविदा जिला जनसम्पर्क कार्यालय (सूचना भवन) दुमका में दिनांक 08/06/2026 को अपराह्न 01:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा दिनांक 08/06/2026 को अपराह्न 04:00 बजे निविदा निस्तारण समिति के समक्ष खोला जायेगा।

निविदादाता को अलग–अलग लिफाफे में तकनीकी एवं वित्तीय बिड देना होगा। जिन निविदादाताओं का तकनीकी बिड निविदा निष्पादन समिति (क्रय समिति) द्वारा तकनीकी शर्तों के अनुरूप पाया जायेगा। उन्हीं निविदादाताओं के वित्तीय बिड विचारणीय होंगे। निविदा की शर्तें एवं तकनीकी/वित्तीय बिड का प्रारूप कार्यालय के सूचना पट्ट एवं जिला प्रशासन, दुमका के वेबसाईट **dumka.nic.in** पर उपलब्ध है।

PR.NO.380373 IPRD(26-27):D — उपायुक्त, दुमका

### कार्यालय, नगर परिषद् साहेबगंज

**अति अल्पकालीन दर आमंत्रण सूचना–02/26–27**

पत्रांक– 1105/न0प0, साहेबगंज दिनांक– 20.05.2026

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर परिषद् साहेबगंज अन्तर्गत गंगा विहार पार्क परिसर में घास एवं झाड़ियों की कटाई तथा जड़ सहित उखाड़ने के कार्य हेतु इच्छुक अनुभवी एवं योग्य संवेदकों से अति अल्पकालीन सीलबंद दर आमंत्रित की जाती है। कार्य में सभी प्रकार के झाड़ियाँ (छोटे बड़े घास सहित) जड़ सहित हटाना, कटे हुए अवशेषों का संग्रहण, उठाव एवं निर्धारित स्थल तक निश्पादन सहित सभी आवश्यक कार्य शामिल होंगे।

इच्छुक संवेदक निर्धारित तिथि एवं समय तक अपना दर पत्र आवश्यक कागजातों सहित कार्यालय में जमा करेंगे। निर्धारित समय के उपरांत प्राप्त आवेदन/दर पत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे। प्राप्त दर पत्रों का निष्पादन सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित नियमों एवं शर्तों के अनुसार किया जाएगा। आवेदन दिनांक–29.05.2026 को समय 02:30 बजे तक प्राप्त किया जाएगा तथा उसी दिन समय 03:30 बजे दर खोला जाएगा।

कार्य विवरण निम्नवत् है :–

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | कार्य की अवधि | दर (प्रति वर्गमीटर) | अभ्युक्ति | Tender Fee | SD |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1. झाड़ियाँ की कटाई एवं जड़ से उखाड़ना (सभी छोटे घास सहित) 2. पेड़ों की छटाई i. Upto 3 mtr ii. Above 3 mtr | 1 माह | सभी कर सहित | 6 माह Maintenance अनिवार्य होगा। | 1000/- | 5000/- |

ह0/– कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद् साहेबगंज।

PR.NO.380367 Urban Development(26-27):D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, देवघर

विलियम्स टॉउन, आर0 के0 मिशन स्कूल के बगलमें, ई–मेल: eedwsd.deoghar@gmail.com

**ई–प्रोक्योरमेंट**

अति अल्प कालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–05/DWSD/DEO(SR)/ 2026-27 दिनांक–21.05.2026

| कार्य का नाम | ड्रिल्ड नलकूप की संख्या | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| Relocation of 125 x 115 mm dia and 90 mtr (av.) deep Drilled Tube well with installation of IM-II Hand pump, 1.85m dia meter PCC Platform and 3.0 m. long drain on turnkey basis in different rural habitation under DW&S Division, Deoghar for the year 2026-27. | 60 | 6071159.00 | 121450.00 | 10000.00 | 60 Days |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 22.05.2026 समय 05.00 बजे अपराहन तक |
| 3 | निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अंतिम तिथि एवं समय | 28.05.2026 समय 05.00 बजे अपराहन तक |
| 4 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस झारखण्ड मंत्रालय के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय। | 28.05.2026 समय 05.00 बजे अपराहन तक |
| 5 | तकनीकी बिड खोलने क तिथि एवं समय | 29.05.2026 समय 05.00 बजे अपराहन |
| 6 | तकनीकी बिड खोलने का स्थान | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, देवघर। |
| 7 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम/पदनाम | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, देवघर। |
| 8 | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलीफोन नं0 | 6432–355005 |
| 9 | ई–प्रोक्यूरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन नं0 | 0651–2480345 |

नोट:–• केवल ई निविदा ही स्वीकार किया जायेगा। अधिक जानकारी के लिए वेबसाईट hhttp://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

• निविदा में प्राक्कलित राशि एवं परिमाण घट–बढ सकती है। स्वीकृति आदेश के अन्तर्गत अनुमोदित राशि एवं परिमाण को ही मान्य समझा जायेगा।

कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, देवघर

PR 380422 Drinking Water and Sanitation(26-27)#D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, देवघर

विलियम्स टॉउन, आर0 के0 मिशन स्कूल के बगलमें, ई-मेल: eedwsd.deoghar@gmail.com

**ई-प्रोक्योरमेंट**

अति अल्प कालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 04/DWSD/DEO(SR)/ 2026-27 दिनांक– 21.05.2026

| कार्य का नाम | ड्रिल्ड नलकूप की संख्या | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| Relocation of 125 x 115 mm dia and 70 mtr (av.) deep Drilled Tube well with installation of IM-II Hand pump, 1.85m dia meter PCC Platform and 3.0 m. long drain on turnkey basis in different rural habitation under DW&S Division, Deoghar for the year 2026-27. | 46 | 4102161.00 | 82100.00 | 5000.00 | 60 Days |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 22.05.2026 समय 05.00 बजे अपराहन तक |
| 3 | निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अंतिम तिथि एवं समय | 28.05.2026 समय 05.00 बजे अपराहन तक |
| 4 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस झारखण्ड मंत्रालय के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय। | 28.05.2026 समय 05.00 बजे अपराहन तक |
| 5 | तकनीकी बिड खोलने क तिथि एवं समय | 29.05.2026 समय 05.00 बजे अपराहन |
| 6 | तकनीकी बिड खोलने का स्थान | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, देवघर। |
| 7 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम/पदनाम | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, देवघर। |
| 8 | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलीफोन नं0 | 6432–355005 |
| 9 | ई–प्रोक्यूरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन नं0 | 0651–2480345 |

नोट :– • केवल ई–निविदा ही स्वीकार किया जायेगा। अधिक जानकारी के लिए वेबसाईट hhttp://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

• निविदा में प्राक्कलित राशि एवं परिमाण घट–बढ सकती है। स्वीकृति आदेश के अन्तर्गत अनुमोदित राशि एवं परिमाण को ही मान्य समझा जायेगा।

कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, देवघर

PR 380420 Drinking Water and Sanitation (26-27)_D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल संख्या-1, दुमका

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–06/2026–27 दिनांक 21/05/2026**

1. विभाग का नाम:– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड।
2. विज्ञापन दाता का नाम:– कार्यपालक अभियंता , पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंड़ल संख्या–1 दुमका।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय:– 28.05.2026 को 05.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– 29.05.2026 को 01.00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान:– 29.05.2026 को 04.00 बजे अपराह्न तक। कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल संख्या–1, दुमका ।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान:– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंड़ल सं0–1दुमका। सहायक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमण्डल सं01दुमका। सहायक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता अवर काठीकुण्ड।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान:– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंड़ल सं0–1दुमका।
8. **कार्य की विवरणी:–**

| क्र0 | योजना का नाम | मद | ग्रुप संख्या | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Solar Motor Pump based Mini Water Supply Scheme with HYDT boring 200mm X 165mm X270m deep High Yield Drilled Tube well in Vill.- Boda Pahari (Near Budhan Grihi & Rajiv Grihi), Panchyat- Ormo, Block-Gopikandar. | DMFT | DMFT 3- 15 | 8,17,290.00 | 16,400.00 | 1,250.00 | 15 Days |
| 2 | Construction of Solar Motor Pump based Mini Water Supply Scheme with HYDT boring 200mm X 165mm X270m deep High Yield Drilled Tube well in Vill.- Bhalki (Near Gram Pradhan House), Panchyat- Surjudih, Block- Gopikandar. | DMFT | DMFT 3- 16 | 8,17,290.00 | 16,400.00 | 1,250.00 | 15 Days |
| 3 | Construction of Solar Motor Pump based Mini Water Supply Scheme with HYDT boring 200mm X 165mm X270m deep High Yield Drilled Tube well in Vill.- Badapather Pahariya Tola (Near Dharmi Maharini House), Panchyt- Surjudih, Block-Gopikandar. | DMFT | DMFT 3- 17 | 8,27,830.00 | 16,600.00 | 1,250.00 | 15 Days |

निविदा परिमाण विपत्र सहित विभागीय वेबसाईट www.dwsd.jharkhand.gov.in पर Upload रहेगा। इच्छुक संवेदक परिमाण विपत्र विभागीय वेबसाईट से Download कर निविदा में भाग ले सकते है। संवेदक निविदा जमा करते समय परिमाण विपत्र का निर्धारित मुल्य का बैंक ड्राफ्ट तकनीकी बीड के साथ अनुलग्नित करेंगें, जो कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल संख्या–1, दुमका को भुगतेय होगा। निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट पर भी देखा जा सकता हैं।

(रमेश कुमार लोहरा) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल संख्या–1, दुमका

PR 380405 Drinking Water and Sanitation(26-27).D

## आने वाले समय में रामगढ़ की बच्चियां महिला कॉलेज का लाभ लेंगी : लुईस मरांडी



**रामगढ़ (दुमका)** +2 राजकीय कृत उच्च विद्यालय रामगढ़ मे गुरुवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमे मुख्य अतिथि के रुप मे जामा विधानसभा की विधायक डॉक्टर लुईस मरांडी, जिला परिषद उपाध्यक्ष सुधीर मंडल, रामगढ़ प्रखंड प्रमुख बाबूलाल मुर्मू तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी रामगढ़ कमलेंद्र सिन्हा मौजूद रहे। सर्वप्रथम मुख्य अतिथियों का स्वागत विद्यालय के मुख्य द्वार के समक्ष स्वागत गान के साथ किया गया तत्पश्चात विद्यालय परिसर के अंदर अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मंच संचालन कर रहे शारीरिक शिक्षा शिक्षक अनीश मिश्रा ने सभी मुख्य अतिथियों का स्वागत व आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में सभी अतिथियों ने बारी बारी से अपने शब्द रखे।प्रखंड विकास पदाधिकारी कमलेंद्र सिन्हा ने कहा की रामगढ़ प्रखंड एक नई ऊंचाइयों की ओर जा रहा है। रामगढ़ प्रखंड की पहचान केवल जिला स्तर पर नहीं बल्कि राष्ट्र स्तर पर हो चुकी है। इस विद्यालय के बच्चों ने खेलों में भी अपनी एक अलग पहचान बनाई है। सभी बच्चे अपनी सफलता के परचम लहराये है,इसके लिए बीडीओ ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं दी । उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया है कि अपने बच्चों को पूरी आजादी दिया करें ताकि वह खेल अथवा अध्ययन के क्षेत्र में अपनी नई ऊंचाइयों को छुए।

## झामुमो नेता दूर्गा सोरेन की जयंती मनाई गई



**जरमुंडी ।** झारखंड अलग राज्य आंदोलन के अग्रणी आंदोलनकारी योद्धा सह पूर्व विधायक दुर्गा सोरेन की 17वीं पुण्यतिथि पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मुन्ना बास्की की अध्यक्षता में बासुकीनाथ नंदी चौक स्थित यात्री शेड में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर झामुमो कार्यकर्ताओं ने दिवंगत दूर्गा सोरेन के चित्र पर माल्यार्पण और श्रद्धा सुमन अर्पित कर पुण्यतिथि मनाई। झामुमो कार्यकर्ताओं ने दिवंगत नेता को याद करते हुए उनके द्वारा राज्य हित में लिए गए संकल्पों को पूरा करने तथा तथा उनके आदर्शों पर चलने की बात कही। इस अवसर पर झामुमो प्रखंड सचिव पांचू दास, जिला सदस्य महेश गण, मंसूर मरांडी, राजीव मिश्रा, गोकुल पंजीयारा, माताल हेम्बरम, पकू हांसदा, शांति हांसदा, सुकु मरांडी, शांति टुडू, शेखर टुडू सहित झामुमो के अनेकों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## डीडीसी ने लिया हैंडलुम क्लस्टर, पालनाघर का जायजा



**सरैयाहाट।** डीडीसी अनिकेत सचान ने गुरुवार को क्षेत्र भ्रमण के दौरान मंडलडीह स्थित हैंडलूम क्लस्टर का निरीक्षण किया एवं प्रखंड मुख्यालय परिसर स्थित पालनाघर का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने बुनकरों से कार्य को जाना और होने वाली समस्याओं से अवगत होकर समाधान का आश्वासन दिया। इसके बाद डीडीसी हंसडीहा एवं कुशियारी पंचायत भवन पहुंचे। डीडीसी ने हंसडीहा पंचायत को कचड़ा उठाने वाला ट्राय साइकिल उपलब्ध कराया। उन्होंने हंसडीहा हटिया परिसर में व्याप्त गंदगी को हटाने का निर्देश दिया। डीडीसी ने कुशियारी पंचायत भवन में जेएसएलपीएस द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान बैठक पंजी, बैंक पासबुक, बैठक प्रस्ताव एवं अन्य अभिलेखों के संधारण की जॉच करते हुए कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## वृद्धाश्रम में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**दुमका ।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा गुरुवार को हिजला स्थित वृद्धाश्रम में एक विशेष विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष सुधांशु कुमार शशि के आदेशानुसार चलाए जा रहे 90 दिवसीय सघन जागरूकता अभियान के तहत आयोजित हुआ। कार्यक्रम में डालसा सचिव विवेक कुमार ने वृद्धजनों को उनके अधिकारों, सरकारी कल्याणकारी योजनाओं और मुफ्त कानूनी सहायता की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि समाज के हर नागरिक को सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अधिकार है। वरिष्ठ नागरिकों के संरक्षण के लिए वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम जैसे मजबूत कानून बने हैं। अगर किसी भी बुजुर्ग को कानूनी सहायता की जरूरत है, तो वे डालसा के माध्यम से पूरी तरह मुफ्त मदद पा सकते हैं। इस दौरान बुजुर्गों को स्वास्थ्य, सुरक्षा, मानसिक सहयोग और सरकारी योजनाओं के लाभ उठाने के तरीकों के बारे में भी बताया गया। सचिव ने जानकारी दी कि किसी भी समस्या या शिकायत के लिए बुजुर्ग सीधे डालसा कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं या टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर की मदद ले सकते हैं। कार्यक्रम में वृद्धाश्रम के कर्मचारी, पारा विधिक स्वयंसेवक और कई गणमान्य लोग मौजूद रहे, जिन्होंने डालसा की इस पहल को समाज के लिए बेहद उपयोगी बताया।

## डीसी ने लिया आजीविका गतिविधियों का जायजा



**दुमका ।** ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने और किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से दुमका के उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने शिकारीपाड़ा प्रखंड की सोनाढाब पंचायत अंतर्गत अमरापाड़ा गांव का व्यापक दौरा किया। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य क्लस्टर आधारित कृषि मॉडल और ग्रामीण आजीविका गतिविधियों की जमीनी हकीकत को जानना तथा किसानों को प्रोत्साहित करना था। उपायुक्त ने इस दौरान प्रदान संस्था द्वारा संचालित कृषि उत्पादन क्लस्टर, सामुदायिक परिसंपत्तियों और किसानों की आधुनिक व नवाचार आधारित खेती प्रणाली का बारीकी से निरीक्षण किया। गांव को बुनियादी सुविधाओं से संतृप्त करने की दिशा में उपायुक्त ने कई महत्वपूर्ण सामुदायिक परिसंपत्तियों का उद्घाटन किया। इसमें मुख्य रूप से सिंचाई कुएं में स्थापित 3 एचपी सौर लिफ्ट सिंचाई प्रणाली शामिल है। वहीं, प्रदान संस्था की ओर से विजय कुमार, बिजय कुमार राउल, शुभंकर दास, संताम मजूमदार, शशि रंजन और अभय ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। गांव स्तर पर आयोजित इस पूरी बैठक और संवाद कार्यक्रम का सफल संचालन शिबानी सोरेन और संतोषिनी मुर्मू द्वारा किया गया। इस दौरान मनरेगा, कृषि विभाग तथा पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भी अपनी सक्रिय सहभागिता निभाई।

## जरमुंडी से मजदूरी करने मुंबई गए मजदूर की इटारसी रेलवे स्टेशन में मिली लाश

**जरमुंडी ।** दुमका जिले के जरमुंडी प्रखंड से मजदूरी करने मुंबई गए एक और प्रवासी मजदूर की असामयिक मौत हो गई है। रोजी रोटी की तलाश में पलायन की भेंट चढ़ा मृतक मजदूर जरमुंडी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम परिपा निवासी लेवा सोरेन का पुत्र बाजरा सोरेन था। वह तीन महीना पहले ही मजदूरी करने के लिए मुम्बई गया हुआ था। जहां मुबई के बीकेसी में एएलएनटी कंपनी में वह कार्य कर रहा था। पिछले दिनों 17 मई को उसके घरवालों को सूचना मिली कि बाजरा सोरेन की लाश मध्य प्रदेश के ईटारसी रेलवे स्टेशन में मिली है। खबर मिलने के बाद बाजरा की पत्नी घुमया मुर्मू और दो पुत्र क्रमशः निमुलाल सोरैन व बुदीलाल सोरेन मध्य प्रदेश के ईटारसी रेलवे स्टेशन पहुंचे और मृतक मजदूर बाजरा का शव लेकर 20 मई बुधवार को गांव लेकर आए। जहां उन्होंने ग्रामीणों के सहयोग से अपनी कुल परंपरा के अनुसार उसका अंतिम संस्कार किया। मृतक मजदूर अपने घर का अकेला कमाऊ सदस्य था। मजदूर बाजरा की असामयिक मौत से मृतक की पत्नी घुमया मुर्मू, उसके दो पुत्र और एक पुत्री सहित पूरे परिवार के समक्ष आर्थिक संकट का पहाड़ टूट पड़ा है।

# वाहनों के कागजात दुरुस्त रखें, वरना खैर नहीं : डीटीओ

## विभिन्न वाहन शोरूमों का किया औचक निरीक्षण



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**दुमका।** जिला परिवहन पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार ने गुरुवार को जिले के विभिन्न वाहन शोरूमों का औचक निरीक्षण कर संचालकों के बीच हड़कंप मचा दिया। इस औचक अभियान के तहत जगदंबा मोटर्स (ई-रिक्शा) और टेकरीवाल मोटर्स प्रतिष्ठान की गहन जांच की गई।

निरीक्षण के दौरान डीटीओ ने वाहनों के खरीद चालान, स्टॉक रजिस्टर, ट्रेड रजिस्टर, फॉर्म बी और फॉर्म-22 सहित सभी जरूरी कागजातों को खुद खंगाला। अधिकारियों ने गाड़ियों की खरीद-बिक्री और स्टॉक से जुड़े रिकॉर्ड्स की बारीकी से समीक्षा की।

इस जांच अभियान में जगदंबा मोटर्स शोरूम की बड़ी लापरवाही सामने आई, जहां कई महत्वपूर्ण रजिस्टर गायब मिले। इस पर कड़ा रुख अपनाते हुए डीटीओ ने संचालक को फटकार लगाई और सभी दस्तावेजों को तुरंत कानून के दायरे में नियमित करने का आदेश दिया। उन्होंने साफ शब्दों में चेतावनी दी कि परिवहन विभाग के नियमों का उल्लंघन करने वाले किसी भी विक्रेता को बख्शा नहीं जाएगा।

डीटीओ ने सभी शोरूम मालिकों को हिदायत दी कि वे अपने बिक्री और स्टॉक से जुड़े सभी दस्तावेजों को हमेशा अपडेट रखें, ताकि आगे किसी भी कानूनी या प्रशासनिक कार्रवाई से बचा जा सके। इस पूरे औचक निरीक्षण अभियान में जिला परिवहन कार्यालय के प्रधान लिपिक बिपिन कुमार और कार्यालय कर्मी अभिषेक कुमार भी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## राज्य सरकार की किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ भाजपा का धरना



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**दुमका।** झारखंड में किसानों के साथ हो रहे कथित अन्याय, वादाखिलाफी और बढ़ते भ्रष्टाचार के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी ने रानेश्वर प्रखंड मुख्यालय में एकदिवसीय धरना-प्रदर्शन कर हुंकार भरी। गुरुवार को आयोजित इस प्रदर्शन में भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय किसानों ने हेमंत सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और अपना आक्रोश व्यक्त किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता रानेश्वर मंडल अध्यक्ष बिमान सिंह और आसनबानी मंडल अध्यक्ष अजय सिंह ने संयुक्त रूप से की, जबकि मंच संचालन सुमन घोष द्वारा किया गया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष रूपेश मंडल, जिला महामंत्री मृणाल मिश्रा और मंडल प्रभारी रघुनाथ दत्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष रूपेश मंडल ने राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि यह सरकार किसानों की नहीं, बल्कि बालू-गिट्टी माफियाओं और भ्रष्टाचारियों की सरकार बनकर रह गई है। राज्य के संसाधनों को खुलेआम लूटा जा रहा है और सरकार इसमें संरक्षण दे रही है, जिससे आम जनता त्राहिमाम कर रही है।

इस प्रदर्शन में कौशिक अधिकारी, कार्तिक घोष, प्रदीप पातर, गौतम घोष, आकाश टुडू, सनत मुर्मू, शत्रुघ्न टुडू, सौरभ डुलाई, संतोष रावत, श्रीवास ड्राइवर, प्रदूत माल, धर्म मंडल, बबलू मंडल, संजय घोष सहित भारी संख्या में किसान, महिला कार्यकर्ता और भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे।

## आवास योजना में फर्जीवाड़े पर डीडीसी का एक्शन, कानूनी कार्रवाई के निर्देश

### जलमीनार, चापाकल और ज्ञान केंद्रों की व्यवस्था सुधारने का निर्देश



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**सरैयाहाट।** सरैयाहाट में गुरुवार को डीडीसी अनिकेत सचान ने विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक की। समीक्षा के दौरान बिना आवास निर्माण किए गलत तरीके से जियोटैग कर राशि निकासी का मामला सामने आने पर पथरा पंचायत के पंचायत सहायक से स्पष्टीकरण मांगते हुए कार्रवाई का निर्देश दिया गया। डीडीसी ने सभी पंचायतों में संचालित आवास योजनाओं को बारिश से पहले पूर्ण कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि यदि किसी पंचायत सहायक द्वारा आवास योजना में गड़बड़ी की जाती है तो उनकी सेवा समाप्त कर दी जाएगी। वहीं, ऐसे लाभुक जिन्होंने राशि लेने के बावजूद आवास निर्माण कार्य शुरू नहीं किया है, उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में डीडीसी ने पंचायतों में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था बनाए रखने का निर्देश दिया। साथ ही पंचायतों में स्थापित ज्ञान केंद्रों को गांव के बच्चों के लिए सुचारू रूप से संचालित करने तथा ऑनलाइन क्लास की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा, ताकि बच्चों को इसका लाभ मिल सके। गांवों में स्थापित जलमीनार एवं चापाकलों को लेकर मिल रही शिकायतों पर नाराजगी जताते हुए डीडीसी ने 15वीं वित्त आयोग की राशि से अविलंब मरम्मत एवं आवश्यक कार्य कराने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया।

## डीसी ने लापरवाही बरतने वालों कर्मियों को दी कड़ी चेतावनी



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**दुमका ।** उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने गुरुवार को शिकारीपाड़ा प्रखंड और अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय में चल रही विभिन्न विकास योजनाओं और सरकारी दस्तावेजों की बारीकी से जांच की। उपायुक्त ने मौके पर मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों को काम में सुधार लाने के लिए कई जरूरी निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने कर्मचारियों की कर्म-पुस्तिका, डाक रजिस्टर, फाइलों के निपटारे की स्थिति, नजारत, कैश बुक और एडवांस पेमेंट रजिस्टर को देखा। इसके साथ ही उन्होंने आम जनता से जुड़े जाति, आवासीय, आय प्रमाण पत्र और वंशावली से जुड़े कागजातों की भी समीक्षा की। उन्होंने सभी दस्तावेजों को हर दिन अपडेट रखने और काम में पूरी पारदर्शिता व समय पर निपटाने की बात कही।

गर्मी के मौसम को देखते हुए उपायुक्त ने पीने के पानी की व्यवस्था पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी में आम लोगों को पानी के लिए परेशान न होना पड़े, इसके लिए प्रशासन पूरी तरह तैयार रहे। उन्होंने क्षेत्र के सभी खराब चापाकालों को तुरंत ठीक कराकर चालू करने का कड़ा निर्देश दिया। उपायुक्त ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि जनता के कामों में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सरकार की सभी योजनाओं का लाभ सही समय पर असली हकदारों तक पहुंचना चाहिए।

## लालकिला में गूंजेगी संताल परगना की संस्कृति

### 1177 जनजाति बंधु आज होंगे दिल्ली रवाना

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**दुमका।** संताल परगना की जनजातीय संस्कृति और परंपरा अब देश की राजधानी दिल्ली में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराने जा रही है। नगर के रसिकपुर स्थित गिरि वनवासी कल्याण परिषद्, झारखण्ड की ओर से गुरुवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि आगामी रविवार को दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किला मैदान में जनजाति सुरक्षा मंच द्वारा भव्य 'जनजाति सांस्कृतिक समागम' का आयोजन किया जाएगा। इस राष्ट्रीय कार्यक्रम में देशभर से करीब डेढ़ लाख जनजाति समाज के लोगों के शामिल होने की संभावना है।

इस ऐतिहासिक समागम में झारखण्ड के संताल परगना क्षेत्र की भागीदारी भी विशेष रहने वाली है। क्षेत्र से कुल 1177 जनजाति बंधु दिल्ली के लिए रवाना होंगे। सभी यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विशेष ट्रेन की व्यवस्था की गई है। यह स्पेशल ट्रेन आज यानी 22 मई 2026 को शाम 5 बजे दुमका रेलवे स्टेशन से दिल्ली के लिए प्रस्थान करेगी। गिरि वनवासी कल्याण परिषद् के प्रांत महामंत्री संतोष कुमार मंडल ने जानकारी देते हुए बताया कि यह समागम देश की जनजातीय संस्कृति, परंपरा, सामाजिक एकता और पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित करने का महत्वपूर्ण अवसर होगा। उन्होंने कहा कि संताल परगना के जनजाति समाज में इस कार्यक्रम को लेकर भारी उत्साह देखा जा रहा है और बड़ी संख्या में लोग पारंपरिक वेशभूषा एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ इसमें भाग लेंगे। कार्यक्रम को लेकर दुमका समेत पूरे संताल परगना क्षेत्र में उत्सवी माहौल बना हुआ है।

## माय भारत युवा मंडल विकास अभियान का शुभारंभ



**दुमका ।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार अंतर्गत मेरा युवा भारत केंद्र दुमका द्वारा माय भारत युवा मंडल विकास अभियान 2026-27 का प्रारंभ सौरभ जैन जिला युवा अधिकारी दुमका किया गया। कार्यालय में फिल्डवर्क कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर जिला युवा अधिकारी सौरभ जैन ने कार्यकर्ताओं को जानकारी देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को सकारात्मक सोच के साथ क्लब के माध्यम से संगठित कर खेलकूद एवं सामाजिक विकास कार्यों से जोड़कर उनमें नेतृत्व क्षमता विकसित करना इस अभियान का प्रमुख उद्देश्य रहा है। जिसके लिए फिलहाल प्रथम चरण में दुमका और जरमुंडी प्रखंड में यह कार्य प्रारंभ किया जा रहा है उसके बाद अन्य प्रखंडों में भी यह कार्यक्रम चलाया जाएगा। बैठक में युवा क्लब गठन हेतु सभी आवश्यक दिशा निर्देश और संबंधित प्रपत्र फील्ड वर्क कार्य कर्ताओं को उपलब्ध कराया गया। जो गांव एवं पंचायत स्तर पर युवा क्लब का गठन करेंगे और माय भारत पोर्टल पर उसको रजिस्टर्ड करेंगे। इस क्लब में 15 से 29 आयु वर्ग के युवक युवतियों को सदस्य बनकर मेरा युवा भारत केंद्र और उसके कार्यक्रम एवं गतिविधियों से जोड़ा जा सकेगा। इसी क्रम में क्लब गठन हेतु बैठक करने से लेकर सदस्यों को जोड़ने अध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष का चुनाव करने और पोर्टल पर क्लब को रजिस्टर्ड करने की पूरी प्रक्रिया भी कार्यकर्ताओं को बताई गई।

## प्रधानमंत्री मातृ वंदना को लेकर प्रशिक्षण



**दुमका।** प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के प्रभावी क्रियान्वयन और इससे जुड़ी प्रक्रियाओं को मजबूत करने के उद्देश्य से गुरुवार को समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम में जिले के सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षिकाएं और संबंधित कर्मी शामिल हुए। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य योजना के संचालन, पोर्टल प्रविष्टि, आवेदन प्रक्रिया, लाभुक स्वीकृति और भुगतान प्रक्रिया जैसी तकनीकी व प्रशासनिक बारीकियों की विस्तृत जानकारी देना था। कार्यक्रम के दौरान लंबित मामलों के निष्पादन, बेनेफिशियरी रजिस्ट्रेशन, एफआरएस, फेस ऑथेंटिकेशन, आधार सीडिंग, डीबीटी इनेबल और एनपीसीआई मैपिंग जैसी महत्वपूर्ण प्रक्रियाओं पर गहन चर्चा की गई। अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए कि एएनसी जांच के 30 दिनों के भीतर हर हाल में लाभुकों का पंजीकरण और आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी कर ली जाएं, ताकि महिलाओं को समय पर योजना का लाभ मिल सके।

## शिकारीपाड़ा में शुरू हुआ 'पलाश दीदी फूड कार्ट'



**दुमका।** शिकारीपाड़ा प्रखंड में ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए एक बेहतरीन पहल की गई है। बृहस्पतिवार को उपायुक्त अभिजीत सिन्हा के क्षेत्र भ्रमण के दौरान 'पलाश दीदी फूड कार्ट' का भव्य उद्घाटन किया गया। यह फूड कार्ट स्वयं सहायता समूह की सदस्य नंदो रानी के 'दुर्गा महिला मंडल' द्वारा चलाया जाएगा। इस नई शुरुआत से समूह की महिलाओं की आय बढ़ेगी और उनके लिए स्वरोजगार के नए रास्ते खुलेंगे। उद्घाटन के मौके पर उपायुक्त ने समूह की महिलाओं से बातचीत की। उन्होंने महिलाओं के काम और भविष्य की योजनाओं की जानकारी ली। साथ ही उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ना सरकार और जेएसएलपीएस का मुख्य उद्देश्य है ताकि वे अपने परिवार को आर्थिक मजबूती दे सकें। इस कार्यक्रम में महिलाओं को एक और बड़ी सौगात मिली। सामुदायिक निवेश निधि ऋण की मदद से तीन महिलाओं को ई-रिक्शा बांटे गए।

PR 380447 (Higher Education,Technical Education and Skill Development Department) 26-27




स्वामी, प्रकाशक,मुद्रक एवं संपादक अशोक कुमार द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस,धनबाद गोविंदपुर मेन रोड अशोक नगर, केजी आश्रम,गोसाईडीह धनबाद झारखंड से मुद्रित तथा संताल एक्सप्रेस कार्यालय दंगालपाड़ा, हिजला रोड, दुमका (झारखंड)से प्रकाशित, RNI NO. JHABIL/2018/76383, सलाहकार संपादक चंदन मिश्र, प्रबंध संपादक सिद्धार्थ कुमार, स्थानीय संपादक चुण्डा सोरेन सिपाही फोन न. 7367009287, 9771486686